

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112

■ रायपुर,रविवार 08 मार्च 2026 ■ चैत्र कृष्ण पक्ष-5 ■ वर्ष -41 ■ अंक-334 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 09 मार्च 2026 ■ मूल्य-2.00 रुपये


## प्रेमिका को रंग लगाने के शक में दो युवकों की चाकू मारकर हत्या, 4 आरोपी गिरफ्तार

**जगदलपुर,8 मार्च।** बस्तर जिले में रंगपंचमी की पूर्व संध्या पर खुशियों का माहौल उस समय मातम में बदल गया, जब दो युवकों की बेरहमी से हत्या कर दी गई। मामला नगरनार थाना क्षेत्र के कलचा गांव का है, जो बस्तर सांसद का पैतृक गांव बताया जा रहा है। जानकारी के अनुसार गांव में पारंपरिक रूप से होलिका दहन का कार्यक्रम चल रहा था। इसी दौरान एक विवाद ने अचानक हिंसक रूप ले लिया। बताया जा रहा है कि सालगुड़ गांव के दो युवकों पर एक युवक की प्रेमिका को रंग लगाने का शक जताया गया। इसी संदेह को लेकर कलचा गांव के चार युवकों ने दोनों को घेर लिया। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि आरोपियों ने चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया, जिससे दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद उन्हें बचाने की कोशिश की गई, लेकिन दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों की पहचान रोहित और उमेश के





रूप में हुई है। वहीं घटना की सूचना मिलते ही नगरनार पुलिस मौके पर पहुंची और त्वरित कार्रवाई करते हुए चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों में से एक के नाबालिग होने की भी जानकारी सामने आई है। फिलहाल पुलिस सभी आरोपियों से पूछताछ कर रही है और इस सनसनीखेज वारदात के पीछे की पूरी घटना की जांच की जा रही है। रंगों के त्योहार से पहले महज एक शक ने दो युवकों की जान ले ली, जिससे पूरे इलाके में शोक और सन्नाटा पसरा हुआ है।

## ट्रंप को चुकानी होगी कीमतः ईरान

**तेहरान,8 मार्च।** शनिवार को ईरानी स्टेट टेलीविज़न से बात करते हुए, लारीजानी ने ट्रंप पर ईरान के जवाब का गलत अंदाज़ा लगाने का आरोप लगाया और चेतावनी दी कि लड़ाई जल्दी खत्म नहीं होगी। उन्होंने कहा, "ट्रंप को वेनेजुएला में जो हुआ उसका अंदाज़ा हो गया था और उन्हें यह पसंद आया, उन्हें लगा कि वह ईरान में भी जल्दी ऐसा कर सकते हैं। अब वह फंस गए हैं।"

ईरानी सरकारी टेलीविजन पर बोलते हुए लारीजानी ने ट्रंप प्रशासन पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि अमेरिका ने ईरान की प्रतिक्रिया को आंकने में बड़ी गलती की है। लारीजानी ने वेनेजुएला का उदाहरण देते हुए ट्रंप की रणनीति पर तंज कसाः "ट्रंप ने वेनेजुएला में जो हुआ उसका स्वाद चखा और उन्हें वह पसंद आया। उन्हें लगा कि वह ईरान में भी उतनी ही जल्दी वैसा ही कुछ (तख्तापलट या हमला) कर सकते हैं। लेकिन अब वह बुरी तरह फंस चुके हैं।" ईरानी सुरक्षा प्रमुख ने स्पष्ट किया कि यह युद्ध जल्द खत्म होने वाला नहीं है। उनके बयान से साफ है कि ईरान न केवल रक्षात्मक बल्कि आक्रामक रुख अपनाने की तैयारी में है।



## इजरायल के वार से कांपा ईरान

### 20 लोगों की मौत, तेहरान के बड़े ऑयल डिपो पर हमला

**तेहरान,8 मार्च।** अमेरिका-इजराइल और ईरान जंग का नौवां दिन है। बीते आठ दिनों में भयंकर तबाही मची है। अमेरिका और इजराइल मिलकर ईरान पर हमले कर रहे हैं। वहीं ईरान भी इजराइल समेत 12 खाड़ी देशों में जवाबी हमला कर रहा है। ट्रंप आज (रविवार) को ईरान पर भयानक हमले की चेतावनी दी थी। इसके बाद अमेरिकी सेना और इजराइली सेना में ईरान की राजधानी तेहरान कई शहरों में ताबड़तोड़ बड़ा हमला किया है। ईरान की राजधानी तेहरान में भयंकर बमबारी हुई है। इजरायल और अमेरिका ने मेहराबाद एयरपोर्ट को निशाना बनाया है। वहीं तेहरान के बड़े ऑयल डिपो पर भी अटैक किया। इस ताजा हमले में 20 लोगों की मौत की खबर है। इससे पहले ईरान ने कुवैत इंटरनेशनल एयरपोर्ट के फ्यूल टैंकों पर ड्रोन हमला किया। कुवैत सशस्त्र बलों ने बताया है कि कुवैत इंटरनेशनल एयरपोर्ट के फ्यूल टैंकों पर ड्रोन हमले किए गए। रक्षा मंत्रालय के आधिकारिक प्रवक्ता ने कहा कि यह हमला देश के अहम बुनियादी ढांचे को सीधे निशाना बनाने की कोशिश है। कुवैती सेना ने इस घटना की जानकारी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर दी है।

इजराइली सेना ने दावा किया है कि उसने बेरूत में ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स की कुद्स फोर्स के अहम कमांडरों को निशाना बनाकर हमला किया है। सेना के अनुसार ये कमांडर लेबनान में मौजूद होकर सैन्य गतिविधियां चला रहे थे। इजराइल ने कहा कि ये कमांडर कुद्स फोर्स के लेबनान कॉर्प्स से जुड़े थे और बेरूत से ऑपरेशन चला रहे थे। इजराइली सेना का दावा है कि इस कार्रवाई का मकसद ईरान और उसके सहयोगी समूहों की सैन्य गतिविधियों को कमजोर करना है। इससे पहले लेबनानी अधिकारियों ने बताया था कि बेरूत में एक होटल पर हुए इजराइली हमले में चार लोगों की मौत हो गई। इस हमले में कई अन्य लोग घायल भी हुए थे। बताया जा रहा है कि जिस इमारत पर हमला हुआ, वहां युद्ध से विस्थापित लोग भी ठहरे हुए थे। हमले के बाद इलाके में डर का माहौल फैल गया और कई लोग इमारत छोड़कर बाहर निकलते दिखाई दिए।

### ट्रम्प का दावा- अब तक 42 ईरानी वॉरशिप डुबोए

इधर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने दावा किया है कि अमेरिका ने 3 दिनों में ईरान के 42 नौसैनिक जहाज (वॉरशिप) तबाह कर दिए हैं। इससे ईरान की नौसेना लगभग खत्म हो गई। ट्रम्प ने यह भी कहा कि अमेरिकी हमलों में ईरान की एयरफोर्स और कम्युनिकेशन सिस्टम को भी भारी नुकसान पहुंचा है। अल जजीरा के मुताबिक इजराइली सेना ने दावा किया है कि उसने अब तक ईरान के 16 मिलिट्री विमानों को गिरा दिया है।

**रियाद पर ड्रोन हमला नाकाम, सऊदी वायु रक्षा ने 15 ड्रोन गिराए-** सऊदी अरब की सुरक्षा बलों ने राजधानी रियाद के डिप्लोमैटिक इलाके को निशाना बनाकर किए गए एक ड्रोन हमले को नाकाम कर दिया है।

## इंटरमीडिएट और फाउंडेशन के नतीजे घोषित

**नई दिल्ली,8 मार्च।** इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया ने जनवरी 2026 में आयोजित चार्टर्ड अकाउंटेंट फाइनल, इंटरमीडिएट और फाउंडेशन परीक्षाओं के परिणाम घोषित कर दिए हैं। सीए फाइनल परीक्षा में ग्रुप-I में 53,652 अभ्यर्थी शामिल हुए, जिनमें से 11,282 उम्मीदवार पास हुए। इसका पास प्रतिशत 21.03% रहा। वहीं ग्रुप-II में 38,169 अभ्यर्थियों में से 3,726 पास हुए, जिसका पास प्रतिशत 9.76% रहा। दोनों ग्रुप साथ देने वाले 22,293 अभ्यर्थियों में से 2,446 सफल हुए और पास प्रतिशत 10.97% रहा। परिणाम घोषित होने के बाद कुल 7,590 उम्मीदवार चार्टर्ड अकाउंटेंट बनने के लिए क्वालिफाई हुए।

## न्यायधानी में कार में रखे व्यापारी के लाखों रुपए पार

**बिलासपुर,8 मार्च।** न्यायधानी में शनिवार रात व्यापारी के साथ उठाईगिरी की बड़ी वारदात सामने आई है. दुकान बंद करने के दौरान कार में कैश रखा दिया गया था. इस दौरान अज्ञात आरोपी मौका पाकर कार का गेट खोलकर पैसों से भरा बैग लेकर भाग निकला. इस बैग में लगभग 8 रुपए कैश थे. घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है. जानकारी के मुताबिक, शहर के व्यापार विहार छोटी पार्किंग के पास स्थित हरे कृष्णा ट्रेडर्स के संचालक 8 लाख रु की उठाईगिरी के शिकार हो गए हैं. उन्होंने शनिवार रात्रि करीब 08:30 बजे अपनी दुकान के गल्ले से नगदी राशि निकालकर अपनी कार में रखी. इसके पश्चात वे दुकान का शटर बंद कर रहे थे. उसी दौरान एक अज्ञात व्यक्ति द्वारा कार का दरवाजा खोलकर कार में रखे बैग लेकर भाग निकला. बैग में करीब 8 लाख रुपए थे. घटना की सूचना पर एसएसपी रजनेश सिंह मौके पर पहुंचे और आरोपी की पतासाजी करने पुलिसकर्मियों के दिशा निर्देश दिए. इस वारदात का सीसीटीवी फुटेज भी आया है, जिसमें चोर की पूरी गतिविधि नजर आ रही है. घटना के बाद पुलिस ने शहर व आसपास के थानों को अलर्ट किया है. रेलवे स्टेशन सहित सभी सार्वजनिक स्थानों में चौकसी बढ़ा दी गई है.

## पिकअप की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**जांजगीर-चांपा,8 मार्च।** जिले के नवागढ़ थाना क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि सेमरा-अवरीद मार्ग पर तालाब के पास स्थित खतरनाक मोड़ पर मोटरसाइकिल और पेप्सी से भरी पिकअप गाड़ी के बीच जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में मोटरसाइकिल सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद आसपास मौजूद स्थानीय लोगों ने घायल युवक को तुरंत नवागढ़ के राछाभाठा अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान पामगढ़ ब्लॉक के भैंसो मदनपुर निवासी 19 वर्षीय अभिषेक कश्यप के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि अभिषेक अपनी मां को शादी समारोह में छोड़ने के लिए अवरीद गांव गया था और वहां से वापस सेमरा की ओर लौट रहा था। इसी दौरान सेमरा से जांजगीर की ओर जा रही पेप्सी से भरी एक पिकअप गाड़ी ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए उसकी प्लेटिना मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 11 बी. H. 3513 को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे मौके पर ही उसकी हालत गंभीर हो गई। घटना की सूचना मिलते ही नवागढ़ पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है।

## बिलासपुर में धर्मांतरण को लेकर मारपीट

**बिलासपुर,8 मार्च।** यहां धर्मांतरण को लेकर बवाल हो गया। डायल-112 के पायलट पर धर्म परिवर्तन कराने का आरोप लगा है। यह भी आरोप है कि होली के दिन उसने कुछ लोगों के साथ मिलकर पड़ोस में रहने वाले परिवार के साथ मारपीट की और उनके घर में तोड़फोड़ की। मामला सिरगिट्टी थाना क्षेत्र का है। मोहितराम खांडे अपने परिवार कुंदरा पारा में रहते है। पास में ही तोमन खांडे रहता है, जो डायल-112 के पायलट हैं। मोहितराम और तोमन आपस में रिश्तेदार भीं है। लेकिन तोमन ईसाई धर्म को मानता है। आरोप है कि तोमन खांडे मोहितराम के परिवार पर धर्म परिवर्तन कराने दबाव बना रहा था। विरोध करने पर उसने बाहर से गुंडे बुलाकर परिवार के साथ मारपीट की और घर में तोड़फोड़ की। जबकि तोमन ने आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया है। शुक्रवार को पीड़ित परिवार की महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग शुक्रवार को एसएसपी कार्यालय पहुंचे। उन्होंने एसएसपी से सुरक्षा की मांग करते हुए मामले में सख्त कार्रवाई की मांग की। पीड़ितों का कहना है कि वे पिछले करीब 12 दिनों से डर के कारण अपने घर लौटने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहे हैं। इधर, पुलिस का कहना है कि घटना के बाद पीड़ित थाने आए थे, लेकिन उस समय धर्मांतरण की कोई बात सामने नहीं आई थी। उन्होंने जमीन विवाद होने की जानकारी दी थी। पुलिस के मुताबिक दोनों पक्षों के बीच लंबे समय से रंजिश चल रही है।

दरअसल, तोमन खांडे कुंदरा पारा में रहता है। वह पिछले 10-12 सालों से ईसाई धर्म को मान रहा है। मोहल्ले में ही रिश्तेदार मोहितराम खांडे अपने परिवार के साथ रहते हैं। आरोप है कि तोमन मोहितराम के परिवार पर ईसाई धर्म अपनाने के लिए लगातार दबाव बना रहा था। तोमन पुलिस का डर दिखाकर धमकाता है और कहता है कि पुलिस उनका कुछ नहीं बिगाड़ सकती। मोहितराम के अनुसार, तोमन खांडे के घर में हर रविवार पादरी को बुलाकर धर्म प्रचार किया जाता है और आसपास के लोगों पर भी धर्म परिवर्तन का दबाव बनाया जाता है। इस विवाद को लेकर पहले भी कई बार मारपीट और धमकी की घटनाएं हो चुकी हैं, जिनकी शिकायत थाने में की जा चुकी है।

**पीड़ित का दावा- घटना का वीडियो मौजूद-**पीड़ित पक्ष का कहना है कि 15 फरवरी को तोमन अपने साथियों के साथ पहली बार धर्म परिवर्तन को लेकर दबाव बनाने पहुंचा था। जब इसका विरोध किया तो विवाद बढ़ गया और बात मारपीट के साथ ईंट-पत्थर चलने तक पहुंच गई। पीड़ितों का दावा है कि उस दिन की घटना का वीडियो भी उनके पास मौजूद है। आरोप है कि होली के दिन भी धर्म परिवर्तन करने को लेकर दबाया बनाया। विरोध करने पर मारपीट की। वहीं, शुक्रवार को पीड़ित परिवार न्याय की मांग लेकर एसपी कार्यालय पहुंचा और आवेदन देकर मामले की शिकायत की। जिस पर पुलिस ने जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया।

**आरोपों को बेबुनियाद बताया-**तोमन खांडे ने लगाए गए आरोपों को बेबुनियाद बताया है। उनका कहना है कि जमीन से जुड़े पुराने विवाद के चलते मोहितराम खांडे और उनके परिजनों ने ही उनके घर में घुसकर तोड़फोड़ की। आरोप है कि उनके घर में रखे सामान को नुकसान पहुंचाया गया। नगदी और जेवर भी गायब हो गए, जिससे उन्हें करीब 80 से 90 हजार रुपए का नुकसान हुआ है।

## राष्ट्रपति के प्रोटोकॉल उल्लंघन मामले में केंद्र सख्त

### गृह मंत्रालय ने बंगाल सरकार से मांगी रिपोर्ट, ममता पर बरसे अमित शाह

**नईदिल्ली,8 मार्च।** पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के प्रोटोकॉल उल्लंघन और वेन्यू बदलने के मामले पर केंद्रीय गृह मंत्रालय ने संज्ञान लिया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के प्रोटोकॉल उल्लंघन मामले में केंद्र ने सख्त रुख अख्तियार किया है। मामले में गृह मंत्रालय ने बंगाल सरकार से रिपोर्ट मांगी है। राज्य के मुख्य सचिव से जवाब तलब किया है। केंद्रीय गृह सचिव ने पश्चिम बंगाल के मुख्य सचिव को पत्र लिखकर शाम पांच बजे तक विस्तृत रिपोर्ट मांगी है, जिसमें प्रोटोकॉल न दिए जाने, रास्ते की सही जानकारी न प्रदान करने और अन्य व्यवस्थाओं में चूक के बारे में स्पष्टीकरण मांगा गया है। इधर गृह मंत्री अमित शाह ने इस घटना को संवैधानिक गरिमा पर आघात बताया है। गृह मंत्री अमित शाह ने सोशल मीडिया पर टीएमसी सरकार के इस व्यवहार को 'अराजक' करार देते हुए इसे राष्ट्रपति पद का अपमान बताया है। दरअसल, ये विवाद राष्ट्रपति मुर्मू के उत्तर बंगाल दौरे के दौरान सामने आया, जहां वह दार्जिलिंग जिले में 9वें अंतरराष्ट्रीय संथाल सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं थीं। मूल रूप से कार्यक्रम बिधाननगर (फांसीदेवा ब्लॉक) में प्रस्तावित था, जहां बड़ी संख्या में संथाल आदिवासी समुदाय के लोग पहुंच सकते थे। हालांकि राज्य प्रशासन ने सुरक्षा, भीड़भाड़ और अन्य कारणों का हवाला देकर इसे बागडोगरा एयरपोर्ट के पास गोशाईपुर (या गोसाईंपुर) में स्थानांतरित कर दियाय़ राष्ट्रपति ने खुद इस बदलाव पर नाराजगी जताई और कहा कि नया स्थान छोटा था, जिससे कई लोग पहुंच नहीं पाए। उन्होंने ममता बनर्जी को छोटी बहन बताते हुए पूछा कि क्या वो उनसे नाराज हैं, क्योंकि न तो मुख्यमंत्री और न ही कोई मंत्री उन्हें रिसीव करने पहुंचीं।

## अन्ना हजारे ने मोदी से की वैश्विक शांति के लिए पहल करने की अपील

**मुंबई,8 मार्च।** समाजसेवी अन्ना हजारे ने पीएम नरेंद्र मोदी को पत्र लिखा है। अन्ना हजारे ने प्रधानमंत्री को ये पत्र इजराइल और अमेरिका के ईरान पर संयुक्त हमले के बाद मध्य पूर्व में जारी तनाव के संबंध में लिखा गया है। समाजसेवी अन्ना ने मिडिल ईस्ट में बढ़ते तनाव को लेकर चिंता जाहिर करते हुए पत्र में प्रधानमंत्री मोदी से भारत को वैश्विक शांति पहल का नेतृत्व करने का आग्रह किया है। उन्होंने पत्र लिखकर कहा कि भारत को मानवता और संवाद का मार्ग दिखाते हुए युद्धग्रस्त क्षेत्रों में स्थिरता लाने का प्रयास करना चाहिए। बता दें किइजराइल और अमेरिका ने 28 फरवरी को ईरान पर संयुक्त हमला किया था, जिसमें ईरान के सुप्रीम लीडर समेत कई लोगों की मौत हो गई थी। इसके बाद ईरान ने भी पलटवार किया और खाड़ी देशों में अमेरिका के बेस को निशाना बनाया इसके साथ ही तेल अवीव पर भी हमले कर रहा है।



इस संघर्ष से मिडिल ईस्ट में तनाव चरम पर पहुंच गया है। हालात बेहद खराब होते जा रहे हैं।

अब अन्ना हजारे ने मिडिल ईस्ट में बढ़ते तनाव को लेकर चिंता जाहिर की है। पत्र में लिखा कि-वर्तमान समय में विश्व अत्यंत चिंताजनक परिस्थितियों से गुजर रहा है। अलग-अलग देशों के बीच बढ़ते तनाव और संघर्ष के कारण नागरिकों का जीवन असुरक्षित होता जा रहा है। उन्होंने कहा कि हाल की घटनाओं में निरपराध महिलाएं, बच्चे और परिवारों पर पड़ने वाले प्रभाव की खबरें अत्यंत दुखद और पीड़ादायक हैं।

**भारत की संस्कृति अहिंसा और शांति की-**पत्र में अन्ना हजारे ने आगे कहा कि भारत की संस्कृति अहिंसा और शांति की रही है. हमारे देश ने हमेशा विश्व को संवाद और शांति का मार्ग दिखाने का प्रयास किया है। उन्होंने कहा कि ऐसे समय में भारत जैसे बड़े लोकतांत्रिक राष्ट्र की ओर से मानवता और शांति का संदेश जाना अत्यंत आवश्यक है।

उन्होंने कहा कि आज दुनिया को हथियारों की नहीं, बल्कि विश्वास और संवाद की जरूरत है। उन्होंने कहा कि युद्ध से सिर्फ विनाश होता है, जबकि संवाद से समाधान और स्थिरता का मार्ग निकलता है।

**अन्ना हजारे की पीएम मोदी से अपील-**हजारे ने पीएम मोदी से आग्रह किया कि भारत तटस्थ और जिम्मेदार भूमिका निभाते हुए वैश्विक स्तर पर शांति और संवाद को बढ़ावा देने की पहल करे।

## अवैध प्लाटिंग पर चला प्रशासन का बुलडोजर

### 1 एकड़ जमीन पर हो रहे निर्माण पर लगाई रोक

**रायपुर,8 मार्च।** राजधानी में अवैध निर्माण और अवैध प्लाटिंग के खिलाफ जिला प्रशासन और नगर निगम की कार्रवाई लगातार जारी है। इसी कड़ी में नगर निगम जोन-8 की टीम ने जरवाय क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब 1 एकड़ निजी जमीन पर की जा रही अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त कर दिया। जानकारी के अनुसार, लगभग 1 एकड़ निजी भूमि पर अज्ञात लोगों द्वारा अवैध रूप से प्लाटिंग की जा रही थी। इस दौरान वहां मुरूम की सड़क बनाई गई थी और करीब 12 स्थानों पर प्लिंथ लेवल तक अवैध निर्माण भी कर लिया गया था। नगर निगम की टीम ने जेसीबी मशीन की मदद से अवैध मुरूम मार्ग को काटते हुए सभी अवैध निर्माणों को तोड़कर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी। यह कार्रवाई नगर निगम आयुक्त विश्वदीप के आदेश और जोन-8 की जोन कमिश्नर राजेश्वरी पटेल के निर्देश पर की गई। कार्रवाई के दौरान नगर निगम जोन-8 के उपअभियंता अबरार खान सहित नगर निवेश विभाग के अन्य अधिकारी और कर्मचारी मौके पर मौजूद रहे।



## छत्तीसगढ़ के पूर्व डीजीपी विश्वरंजन का निधन



**रायपुर,8 मार्च।** छत्तीसगढ़ के पूर्व डीजीपी विश्वरंजन का निधन हो गया। वे मशहूर शायर फिराक गोरखपुरी के नाती थे। विश्वरंजन को पिछले महीने कार्डियक संबंधी दिक्कतों के कारण पटना के मेदांता अस्पताल में भर्ती कराया गया था। शनिवार रात अचानक उनकी स्थिति बिगड़ी और डॉक्टरों के अथक प्रयासों के बावजूद उन्हें बचाया नहीं जा सका। विश्वरंजन छत्तीसगढ़ राज्य के छठे पुलिस महानिदेशक थे। साल 2007 में तत्कालीन डीजीपी ओपी राठौर के आकस्मिक निधन के बाद, तत्कालीन रमन सिंह सरकार ने उन्हें राज्य पुलिस की कमान सौंपी थी। 1973 बैच के अधिकारी विश्वरंजन की पहचान एक बेहद सुलझे हुए और 'इंटेलिजेंस एक्सपर्ट' के रूप में थी। वे अपने करियर का एक बड़ा हिस्सा केंद्र में इंटेलिजेंस ब्यूरो में रहे। इंटेलिजेंस ब्यूरो में वे एडिशनल डायरेक्टर के पद तक पहुंचे थे। विश्वरंजन साहित्यकार भी थे।

## बाइक में फंसा साड़ी का पल्लू, शिक्षिका की मौत

**खैरागढ़,8 मार्च।** छत्तीसगढ़ के खैरागढ़ जिले से एक दिल दहला देने वाली खबर सामने आई है। शहर के प्रतिष्ठित वेसलियन इंग्लिश मीडियम स्कूल की एक वरिष्ठ शिक्षिका की सड़क हादसे में जान चली गई। यह हादसा तब हुआ जब शिक्षिका अपने बेटे के साथ बाइक पर स्कूल जा रही थीं और अचानक उनकी साड़ी का पल्लू बाइक के पिछले चक्के में फंस गया। जानकारी के अनुसार, 48 वर्षीय शिक्षिका मर्सी बचइया रोज की तरह अपने बेटे के साथ बाइक पर सवार होकर स्कूल जा रही थीं। स्कूल पहुंचने से कुछ ही दूरी पहले अचानक उनकी साड़ी का पल्लू बाइक के पिछले पहिये की चपेट में आ गया। पल्लू खिंचने की वजह से शिक्षिका अनियंत्रित होकर सिर के बल सड़क पर गिर पड़ीं। हादसे के तुरंत बाद उन्हें गंभीर हालत में जिला अस्पताल खैरागढ़ ले जाया गया। सिर में गंभीर अंदरूनी चोट होने के कारण डॉक्टरों ने उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद दुर्ग के एक निजी अस्पताल रेफर कर दिया।

# कबीरधाम की पैरा एथलीट छोटी मेहरा क्षेत्र में महिला सशक्तिकरण की मिसाल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा,8 मार्च।** छत्तीसगढ़ के कबीरधाम जिले की धरती से निकली एक बेटी आज अपने हौसले, जुनून और कड़ी मेहनत से सफलता की नई मिसाल बन चुकी है। जिले के वार्ड क्रमांक 24 दर्रीपारा की रहने वाली कु. छोटी मेहरा ने अपनी शारीरिक चुनौतियों को पीछे छोड़ते हुए पैरा-एथलेटिक्स के क्षेत्र में राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर शानदार प्रदर्शन किया है। अपनी प्रतिभा और निरंतर प्रयासों के दम पर उन्होंने न केवल छत्तीसगढ़, बल्कि पूरे देश का नाम रोशन किया है। आज उनकी संघर्ष और सफलता की कहानी नारी शक्ति, आत्मविश्वास और दृढ़ संकल्प की एक प्रेरणादायक मिसाल बन गई है।

### संघर्ष से सफलता तक का सफर

पिछले लगभग 6-7 वर्षों से पैरा-एथलेटिक्स के क्षेत्र में सक्रिय छोटी मेहरा ने यह साबित कर दिया कि अगर इरादे मजबूत हों तो कोई भी बाधा सफलता के रास्ते में दीवार नहीं बन सकती। सीमित संसाधनों और शारीरिक चुनौतियों के बावजूद उन्होंने अपने हौसलों को कभी कमजोर नहीं होने दिया और लगातार अभ्यास के दम पर खेल जगत में अपनी अलग पहचान बनाई।

### खेल के मैदान में शानदार उपलब्धियां

छोटी मेहरा ने गोला फेंक और चक्र फेंक प्रतियोगिताओं में अपनी विशेष पहचान बनाई है। उनकी मेहनत और प्रतिभा के कारण उन्होंने राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर की कई प्रतियोगिताओं में स्वर्ण और रजत पदक जीतकर छत्तीसगढ़ का गौरव बढ़ाया है। उनकी उत्कृष्ट उपलब्धियों को देखते हुए छत्तीसगढ़ शासन द्वारा वर्ष 2024 में उन्हें राज्य के प्रतिष्ठित अलंकरण गुण्डाधूर सम्मान से सम्मानित किया गया। यह सम्मान खेल के क्षेत्र में राज्य के सर्वोच्च सम्मानों में से एक माना जाता है।



### बेटियों के लिए प्रेरणा

कबीरधाम जिले के एक छोटे से वार्ड से निकलकर राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मंच तक पहुंचना छोटी मेहरा की असाधारण मेहनत और आत्मविश्वास का परिणाम है। उनकी सफलता यह संदेश देती है कि सपनों को पूरा करने के लिए परिस्थितियां नहीं, बल्कि मजबूत संकल्प और निरंतर प्रयास जरूरी होते हैं।

### नारी शक्ति का प्रतीक

आज छोटी मेहरा केवल एक खिलाड़ी नहीं, बल्कि नारी शक्ति और आत्मनिर्भरता की प्रतीक बन चुकी हैं। उनकी कहानी उन हजारों बेटियों को प्रेरित करती है जो सीमित संसाधनों और चुनौतियों के बावजूद अपने सपनों को साकार करने का साहस रखती हैं। छोटी मेहरा की उपलब्धि केवल उनकी व्यक्तिगत जीत नहीं है, बल्कि यह छत्तीसगढ़ की हर उस बेटी की जीत है जो अपने सपनों को साकार करने के लिए हर बाधा को पार करने का हौसला रखती है।



### प्रसिद्ध लेखिका बेबी हालदार का भिलाई आगमन

**भिलाई, 8 मार्च।** आलो आँधारि बांग्ला आत्मकथा के माध्यम से साहित्य जगत में विशेष पहचान बनाने वाली प्रसिद्ध लेखिका बेबी हालदार का इस्पात नगरी भिलाई आगमन हुआ। वे यहां आयोजित एक साहित्यिक कार्यक्रम में शामिल होने पहुंची हैं। लेखिका के दुर्ग रेलवे स्टेशन पहुंचने पर अंतरराष्ट्रीय कवि एवं साहित्यकार गोविन्द पाल ने मुक्तस्वर साहित्य समिति की ओर से उनका आत्मीय स्वागत किया। इस दौरान साहित्य प्रेमियों में भी उनके आगमन को लेकर उत्साह देखा गया।

## एक नजर

### राज्य महिला आयोग की महा जनसुनवाई दुर्ग जिले में 11 मार्च को

**दुर्ग, 8 मार्च ।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिलाओं को त्वरित राहत और न्याय उपलब्ध कराने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग द्वारा महा जनसुनवाई का आयोजन किया जा रहा है। दुर्ग संभाग की महा जनसुनवाई 11 मार्च 2026 को प्रेरणा सभाकक्ष जिला महिला एवं बाल विकास विभाग परिसर दुर्ग में आयोजित होगी।राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक के नेतृत्व में आयोजित इस विशेष जनसुनवाई में दुर्ग संभाग के सात जिलों के कुल 113 प्रकरणों की सुनवाई की जाएगी। इनमें दुर्ग, बालोद, बेमेतरा, राजनांदगांव, कबीरधाम, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी तथा खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिलों के मामले शामिल हैं।राज्य महिला आयोग द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले साढ़े पांच वर्षों में प्रदेश के विभिन्न जिलों में लगभग 370 जनसुनवाई आयोजित की जा चुकी हैं, जिनमें करीब 8000 से अधिक प्रकरणों का निराकरण किया गया है। इसी अनुभव को आगे बढ़ाते हुए इस बार संभाग स्तर पर महा जनसुनवाई अभियान चलाया जा रहा है।महा जनसुनवाई सुबह 10 बजे से शुरू होगी। जिन आवेदकों के प्रकरण सूचीबद्ध हैं, उन्हें स्वयं उपस्थित होना अनिवार्य है। वही जो महिलाएं अब तक आवेदन नहीं कर पाई हैं, वे भी सुनवाई स्थल पर अपना नया आवेदन प्रस्तुत कर सकती हैं।

### आईईसी प्रशिक्षण व जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन 9 मार्च से

**महासमुंद 8 मार्च ।** कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह के मार्गदर्शन एवं आदेशानुसार नीति आयोग, भारत सरकार अंतर्गत संचालित आकांक्षी विकासखंड कार्यक्रम के तहत विकासखंड क्षेत्र में आईईसी प्रशिक्षण एवं जन समस्या निवारण शिविरों का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के अंतर्गत 09 मार्च से 16 मार्च 2026 तक ग्राम पंचायत सांकरा, भुरकोनी, लाखागढ़ एवं सलडीह में वृहद स्तर पर आईईसी प्रशिक्षण एवं शिविर आयोजित किए जाएंगे। शिविरों में विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल होकर ग्रामीणों को शासन की योजनाओं की जानकारी देंगे। इस दौरान ग्रामीणों को डिजिटल लेन-देन एवं डीबीटी से संबंधित प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा, जिससे वे सरकारी योजनाओं के लाभ को सीधे और पारदर्शी तरीके से प्राप्त कर सकें।साथ ही सम्पूर्णता अभियान 2.0 के अंतर्गत आयोजित इन कार्यक्रमों में ग्रामीणों के लिए जन समस्या निवारण शिविर भी लगाया जाएगा, जहां आम नागरिक अपनी समस्याएं संबंधित विभागों के समक्ष रख सकेंगे और उनका यथासंभव त्वरित निराकरण किया जाएगा। यह शिविर प्रतिदिन प्रातः 9 बजे से आयोजित किए जाएंगे, जिसमें अधिक से अधिक ग्रामीणों की सहभागिता सुनिश्चित करने का आग्रह किया गया है।

### मां पाताल भैरवी सिद्धपीठ में चैत्र नवरात्र की तैयारियां प्रारंभ

**राजनांदगांव।** मानव सेवा व जनकल्याण के लिए अंचल सहित देशभर में पहचान बना चुकी बर्फानी सेवाश्रम समिति द्वारा अपने आशीर्वादक राष्ट्रीय संत श्री श्री 1011 योगाधिराज ब्रम्हर्षि बर्फानी दादा जी के आशीर्वाद से संस्था द्वारा संचालित गर्भगृह में विराजमान मां पाताल भैरवी राज राजेश्वरी त्रिपुर सुंदरी दश महाविद्या द्वादश ज्योर्तिलिंग शिव शक्ति सिद्धपीठ बर्फानी आश्रम में हिन्दू नववर्ष एवं चैत्र नवरात्र आगामी 19 मार्च से 27 मार्च 2026 तक हवन, पूजन एवं धार्मिक अनुष्ठान के साथ ही ज्योत प्रज्वलन का कार्यक्रम आयोजित है।संस्था के सचिव गणेश प्रसाद शर्मा 'गन्नू' ने बताया कि सारे देश में मनाए जाने वाले मां भगवती के साधना व भक्ति का महापर्व चैत्र नवरात्रि पर्व बर्फानी आश्रम स्थित मां पाताल भैरवी राज राजेश्वरी त्रिपुर सुंदरी दश महाविद्या द्वादश ज्योर्तिलिंग शिव शक्ति सिद्धपीठ में भी 19 मार्च गुरुवार से 27 मार्च शुक्रवार 2026 तक मनाया जाएगा। जिसमें प्रतिदिन माता व अन्य देवी देवताओं की विधि विधान से पूजा पाठ के अलावा आरती पूजन का कार्यक्रम आयोजित है। चैत्र नवरात्रि प्रतिपदा एकम 19 मार्च को अविभाज्य मुहूर्त दोपहर 11.36 से 12.24 के मध्य गौरी गणेश नवग्रह स्थापना, गुरु पूजन के पश्चात माई ज्योत व गुरु ज्योत प्रज्वलन के साथ ही माता व भोलेनाथ की आरती उतारी जाएगी। तत्पश्चात मनोकामना ज्योति कलश रखने वाले श्रद्धालुओं की ज्योति कलश प्रज्वलित की जाएगी। 23 मार्च सोमवार को नवरात्रि की पंचमी के अवसर पर मां पाताल भैरवी सहित मां राज राजेश्वरी त्रिपुर सुंदरी दस महाविद्या, भगवान पातालेश्वर महादेव सहित द्वादश ज्योतिलिंगों, हनुमान जी, गणेश जी व भैरव बाबा का विशेष श्रृंगार किया जाएगा। माता के दरबार में श्री यंत्र पर आधारित यज्ञ शाला में महाअष्टमी हवन 26 मार्च गुरुवार को संध्या 6 बजे से संस्था के सदस्यों एवं अन्य श्रद्धालुओं द्वारा किया जाएगा। 27 मार्च शुक्रवार को पड़ने वाली रामनवमी के अवसर पर माता की विशेष महाआरती, श्री राम जन्मोत्सव के पश्चात माता की ज्योत ज्वांरा का विसर्जन किया जाएगा।

## अफीम की खेती के मामले में 3 गिरफ्तार,1 फरार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 8 मार्च।** दुर्ग जिले के समोदा गांव में शिवनाथ नदी के किनारे अवैध अफीम की खेती का मुद्दा तूल पकड़ता जा रहा है दुर्ग कलेक्टर कर इससे जुड़ी पूरी जानकारी दी पुलिस और प्रशासन की संयुक्त कार्रवाई में करीब 5 एकड़ जमीन पर अफीम की फसल मिलने की पुष्टि हुई है तीन लोग हिरासत में पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत सख्त कार्रवाई करते हुए भाजपा नेता विनायक ताम्रकर, गोलू ठाकुर और विकास विश्नोई को गिरफ्तार किया है, जबकि राजस्थान के जोधपुर निवासी आरोपी अचला राम जाट फरार बताया जा रहा है. उसकी तलाश में पुलिस की विशेष टीम जोधपुर रवाना की गई है वहीं बीजेपी ने भी नेता विनायक को निलंबित कर दिया है अचला राम है मुख्य प्लॉटर अचला राम जाट इस पूरी खेती का मुख्य प्लॉटर है, जिसने खेत को लीज पर लेकर मजदूरों के जरिए अफीम की खेती कराई थी. खेत में काम कर रहे कुछ मजदूर मध्य प्रदेश के खंडवा जिले के बताए जा रहे हैं, जिनसे पूछताछ जारी है कलेक्टर ने कहा कि जांच के दौरान इस मामले में और भी लोगों की संलिप्तता सामने आ सकती है पुलिस को मिली थी गुप्त सूचना दुर्ग कलेक्टर ने बताया कि पुलिस को अवैध अफीम की खेती की सूचना मिली थी. सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और जांच की प्रारंभिक जांच में खेत में संदिग्ध फसल दिखाई दी जिसके बाद राजस्व विभाग, आबकारी विभाग और फोरेंसिक टीम को भी बुलाया गया जांच में अफीम की खेती की पुष्टि जांच के दौरान विशेषज्ञों ने पुष्टि की कि खेत में लगी फसल अफीम की ही है. इसके बाद पूरे इलाके को सुरक्षा घेरे में ले लिया गया. सुबह उजाला होने पर अधिकारियों ने जमीन का सीमांकन किया और पूरे क्षेत्र की माप की 110 एकड़ जमीन की गई घेराबंदी दुर्ग कलेक्टर अभिजीत सिंह ने बताया कि जिस इलाके में खेती मिली है वहां लगभग 110 एकड़ जमीन को फेंसिंग कर घेराबंदी की गई है. इस क्षेत्र में शासकीय खसरा दर्ज नहीं है. हालांकि खसरा नंबर 309 और 310 के छोटे हिस्से में करीब 5 एकड़ जमीन पर अफीम की खेती पाई गई नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरोको भी किया गया शामिल मामले की गंभीरता को देखते हुए नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के अधिकारियों को भी जांच में शामिल किया गया है अधिकारियों का कहना है कि पूरी फसल को जल्द ही नष्ट करने की कार्रवाई की जाएगी साथ ही इस मामले में जो भी दोषी पाया जाएगा उस पर सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी ।



## डेटा सुरक्षा और गोपनीयता पर शोध करने वाले अमित को मिली पीएचडी



**भिलाई, 8 मार्च।** इस्पात नगरी निवासी अमित कुमार पाढ़ी को महाराष्ट्र नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी, नागपुर के चतुर्थ दीक्षांत समारोह में डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी (पीएचडी) की उपाधि प्रदान की गई। समारोह में उन्हें यह उपाधि मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति के. वी. विश्वनाथन, न्यायाधीश सर्वोच्च न्यायालय, न्यायमूर्ति अतुल एस. चंदूरकर, न्यायमूर्ति शरद ए. बोबडे, न्यायमूर्ति भूषण आर. गवई, न्यायमूर्ति भारती एच. डांगरे, न्यायमूर्ति अनिल एस. किलोर, न्यायमूर्ति उर्मिला जोशी-फाल्के, विश्वविद्यालय के वाइस चांसलर डॉ. विजयेंद्र कुमार, रजिस्ट्रार प्रो. दीपक भागवत तथा एडवोकेट जनरल मिलिंद साठे की गरिमामयी उपस्थिति में प्रदान की गई। डॉ. अमित का शोध विषय डेटा सुरक्षा और गोपनीयता को समाहित करने वाले विधिक ढांचे का अध्ययन: मुद्दे और चुनौतियाँ रहा। उनके शोध में वर्तमान डिजिटल युग में डेटा संरक्षण से जुड़े कानूनी प्रावधानों, उनकी प्रभावशीलता और व्यावहारिक चुनौतियों का विस्तृत विश्लेषण किया गया है। यह शोधकार्य महाराष्ट्र नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी, नागपुर की विधि प्रोफेसर डॉ. शिल्पा जैन के मार्गदर्शन में पूरा किया गया। डॉ. अमित कुमार पाढ़ी अधिवक्ता पुष्परानी पाढ़ी एवं ए. एन. पाढ़ी के पुत्र हैं।

## 31 मार्च से पहले टैक्स जमा कर अधिभार से बचने की अपील

**दुर्ग, 8 मार्च।** नगर पालिक निगम दुर्ग द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 के अंतिम महीने मार्च में राजस्व वसूली को तेज करते हुए टैक्स काउंटर खोले गए हैं। निगम प्रशासन ने करदाताओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए अवकाश के दिनों में भी टैक्स काउंटर खुले रखने का निर्णय लिया है, ताकि नागरिक बिना किसी परेशानी के अपना कर जमा कर सकें।निगम के अधिकारियों ने बताया कि करदाता चालू वित्तीय वर्ष का टैक्स बिना किसी अधिभार या जुर्माने के 31 मार्च 2026 से पहले जमा कर सकते हैं। इसके लिए निगम के सहायक राजस्व निरीक्षक भी वार्डों में घर-घर पहुंचकर कर वसूली के लिए दस्तक दे रहे हैं और नागरिकों को समय पर टैक्स जमा करने के लिए प्रेरित कर रहे हैं।

निगम क्षेत्र के भवन एवं भूमि स्वामियों को वित्तीय वर्ष 2025-26 का संपत्तिकर, यूजर चार्ज, जलकर, भू-भाटक तथा दुकान किराया 31 मार्च 2026 से पहले जमा करने की अपील की गई है। समय पर कर जमा करने से नागरिकों को अतिरिक्त अधिभार और जुर्माने से बचने का लाभ मिलेगा। जिन करदाताओं ने अभी तक अपना पुराना संपत्तिकर जमा नहीं किया है, वे भी 31 मार्च से पहले भुगतान कर अधिभार से बच सकते हैं।करदाताओं की सुविधा के लिए नगर निगम ने ऑनलाइन भुगतान की व्यवस्था भी उपलब्ध कराई है। इसके लिए निगम द्वारा https://municipalcorporation.in/ लिंक जारी किया गया है, जिसके माध्यम से नागरिक घर बैठे ही अपने करों का भुगतान कर सकते हैं।निगम प्रशासन ने यह भी जानकारी दी है कि प्रत्येक शनिवार एवं रविवार को सभी जोन कार्यालयों तथा मुख्य कार्यालय में संपत्तिकर काउंटर सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक खुले रहेंगे। करदाता अवकाश के दिनों में भी अपने करों का भुगतान कर सकते हैं। नगर निगम आयुक्त सुमित अग्रवाल ने करदाताओं से अपील करते हुए कहा कि सभी नागरिक 31 मार्च 2026 से पहले अपने बकाया करों का भुगतान कर दें, जिससे उन्हें अतिरिक्त अधिभार से बचने का लाभ मिलेगा और नगर निगम को भी विकास कार्यों के लिए राजस्व प्राप्त होगा। निगम ने कहा कि करदाता आप अपनी सुविधा अनुसार आपके घर, दुकानों में सहायक राजस्व निरीक्षक पहुंच रहे है।

## डेंगू और मलेरिया के विरुद्ध महाभियान 23 हजार से अधिक घरों का हुआ सर्वे

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 8 मार्च।** नगर पालिक निगम भिलाई द्वारा मच्छर जनित रोगों डेंगू और मलेरिया की रोकथाम के लिए व्यापक अभियान चलाया जा रहा है। निगम आयुक्त राजीव कुमार पांडेय के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग की टीमों द्वारा शहर के विभिन्न वार्डों में घर-घर जाकर सर्वे और जन जागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है। स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली के मार्गदर्शन तथा वरिष्ठ स्वच्छता निरीक्षक के.के. सिंह के नेतृत्व में निगम की विशेष टीम और जिला मलेरिया विभाग की संयुक्त टीम रोस्टर के अनुसार क्षेत्रों में गहन सर्वेलेंस कर रही है। अभियान के तहत 01 अप्रैल 2025 से 06 मार्च 2026 तक कुल 23,935 घरों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान टीमों ने 10,874 मच्छर प्रजनन स्त्रोतों की जांच की, जिनमें कूलर, पानी की टंकियां, ड्रम और अन्य कंटेनर शामिल हैं। इन स्थानों पर जमा पुराने पानी को खाली कराया गया। इसके अलावा 20,073 घरों के 26,478 कूलरों में वयस्क मच्छरों के नियंत्रण के लिए तथा 9,472 कूलरों में लार्वा नष्ट करने के लिए 'एक्यूगार्ड' का छिड़काव किया गया। अभियान के दौरान नागरिकों को स्वच्छता बनाए रखने और मच्छरों से बचाव के उपायों की जानकारी भी दी जा रही है। निगम की टीमों ने लोगों से अपील की है कि कूलर का पानी सप्ताह में कम से कम एक बार खाली कर सुखाने के बाद ही नया पानी भरें। साथ ही घर के आसपास पानी जमा न होने दें और नालियों में पानी भरने पर उसमें जला हुआ मोबिल ऑयल डालें। नगर निगम प्रशासन का कहना है कि नागरिकों के सहयोग से ही शहर को डेंगू और मलेरिया मुक्त बनाया जा सकता है। आने वाले दिनों में चिन्हित क्षेत्रों में यह अभियान और तेज किया जाएगा।



## वृंदा नगर में आयुक्त का औचक निरीक्षण
### सड़क और नालियों से कब्जे हटाने के दिए निर्देश



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

भिलाई, 8 मार्च। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने जोन-2 वैशाली नगर अंतर्गत वार्ड क्रमांक 29 वृन्दा नगर क्षेत्र का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान वार्ड पार्षद संजय सिंह भी उपस्थित रहे। आयुक्त ने वृन्दा नगर, शासकीय प्राथमिक शाला बैक लाइन, छपरा मोहल्ला, गंदा तालाब क्षेत्र, अर्जुन नगर तथा चैता मैदान क्षेत्र में साफ-सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने नालियों और सड़कों पर किए गए अवैध कब्जों को जनहित में तत्काल चिन्हित कर नोटिस जारी करने तथा कब्जा हटाने की कार्रवाई करने के निर्देश दिए। साथ ही सड़क पर निर्माण सामग्री या अन्य सामान रखकर आवागमन बाधित करने वालों पर कड़ी नाराजगी जताते हुए उन पर सड़क बाधा शुल्क (जुर्माना) लगाने के निर्देश भी दिए। क्षेत्र में कई स्थानों पर घरों के सामने गड्ढे खोदकर जलभराव की स्थिति और व्यर्थ बहते पानी को देखते हुए आयुक्त ने पाइपलाइन के नलों में अनिवार्य रूप से टोटी लगवाने के निर्देश दिए, ताकि पानी की बर्बादी रोकी जा सके। इसके अलावा कचरा संग्रहण के बाद संबंधित स्थानों पर चूना, ब्लीचिंग पाउडर और कीटनाशक दवाओं के छिड़काव के निर्देश दिए गए, ताकि मौसमी बीमारियों पर नियंत्रण पाया जा सके। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली, उद्यान सह जनसंपर्क अधिकारी तिलेश्वर साहू, जोन स्वास्थ्य अधिकारी शंकर साहनी, जोन स्वच्छता निरीक्षक अंजनी सिंह तथा जोनल सुपरवाइजर उपस्थित रहे। आयुक्त ने स्पष्ट किया कि स्वच्छता कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और नागरिकों की सुविधाओं के लिए निगम प्रशासन लगातार प्रयासरत है।

## झेंझरी में अफीम के पौधों को नष्ट किया जा रहा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**दुर्ग, 8 मार्च।** दुर्ग जिले के जेवरा सिरसा चौकी के अंतर्गत समोदा गांव से लगे झेंझरी में अफीम के पौधों को नष्ट करने का काम आज शुरू कर दिया गया है। इसके लिए 5 एकड़ 62 डिसमिल खेत पर लगे अफीम के पौधों को उखाड़ने का काम समाचार लिखे जाने तक जारी रहा। संयुक्त टीम ने अवैध रूप से उगाए गए इन अफीम के पौधों की कीमत 8 करोड़ रुपए आंकी है। एक दिन पहले ही इन पौधों को विधिवत रूप से जप्त किया गया था। जप्त पौधों का सैम्पल लेकर पौधों को निर्धारित प्रक्रिया के तहत विनष्टिकरण किया जाएगा अवैध अफीम की खेती का भंडाफोड़ होने के बाद दुर्ग जिला का यह मामला पूरे छत्तीसगढ़ की सुर्खियों में बना हुआ है। इस मामले में भाजपा नेता तमेर पारा दुर्ग निवासी विनायक ताम्रकार ( 58 साल ), विकास बिश्नोई ( 27 साल ) निवासी ग्राम मटोडा जिला जोधपुर राजस्थान हाल निवास ग्राम समोदा जिला दुर्ग सहित मनीष ठाकुर ( 45 साल ) की गिरफ्तारी की गई है प्रारंभिक जांच में कुछ अन्य व्यक्तियों की भी संलिप्तता सामने आई है। पूछताछ में यह भी जानकारी प्राप्त हुई कि अफीम की खेती के लिए बाहर से लोगों को बुलाकर कार्य कराया जा रहा था। मामले में एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। साथ ही जप्त किए गए अफीम के पौधों की जुडिशियल मजिस्ट्रेट के समक्ष विधिवत सैंपलिंग की कार्यवाही कर फरार आरोपियों की तलाश की जा रही है इस बीच जप्त अफीम के पौधों को आज सुबह से ही उखाड़कर सुरक्षित रखने का काम शुरू कर दिया गया है। इस दौरान जिला व पुलिस प्रशासन के साथ आबकारी विभाग की टीम मौजूद रही। पौधों को खेत से उखाड़कर अलग-अलग गड्ढा बनाया गया गौरतलब रहे कि शुक्रवार को थाना पुलगांव क्षेत्रांतर्गत जेवरा-सिरसा चौकी के अंतर्गत ग्राम समोदा, झेंझरी एवं सिरसा के मध्य स्थित भूमि में अवैध रूप से अफीम की खेती किए जाने की सूचना प्राप्त हुई। सूचना पर तत्काल पुलिस टीम मौके पर पहुंची और मौके में शून्य में अपराध पंजीबद्ध किया गया तथा विवेचना के क्रम में खेत में अफीम की फसल पाए जाने पर अन्य संबंधित विभागों को अवगत कराते हुए संयुक्त टीम द्वारा कार्यवाही की गई। मौके पर निरीक्षण के दौरान पाया गया कि खेत में मक्का की फसल के बीच-बीच में अफीम के पौधे लगाए गए थे। संयुक्त टीम द्वारा खेत का निरीक्षण कर लगभग 05 एकड़ 62 डिसमिल क्षेत्र में लगे अफीम के पौधों को जप्त किया गया।

## बीएसपी ने रचा नया उत्पादन कीर्तिमान, कई क्षेत्रों में टूटे पुराने रिकॉर्ड

**भिलाई, 8 मार्च।** सेल के भिलाई इस्पात संयंत्र (बीएसपी) ने वित्त वर्ष 2025-26 की अप्रैल से फरवरी अवधि के दौरान उत्पादन के विभिन्न क्षेत्रों में शानदार प्रदर्शन करते हुए कई नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। संयंत्र ने हॉट मेटल, क्रूड स्टील, सेलेबल स्टील, सिंटर, रेल उत्पादन तथा रेल लोडिंग जैसे प्रमुख क्षेत्रों में अपने पुराने रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया है। इस अवधि में ब्लास्ट फर्नेस-8 ने 26,00,252 टन हॉट मेटल का उत्पादन कर वित्त वर्ष 2024-25 के इसी अवधि में बने 25,43,397 टन के रिकॉर्ड को पार कर दिया। वहीं संयंत्र का कुल हॉट मेटल उत्पादन 54,81,796 टन रहा, जो वर्ष 2023-24 के 54,40,432 टन से अधिक है। प्लेट मिल ने एचटी प्लेट्स उत्पादन में भी नया रिकॉर्ड बनाते हुए 2,56,555 टन उत्पादन किया, जो वर्ष 2023-24 के 2,29,375 टन के पिछले रिकॉर्ड से अधिक है। इसके साथ ही ओर हैंडलिंग प्लांट ने 2,19,78,114 टन मटेरियल हैंडलिंग कर नया कीर्तिमान स्थापित किया। सिंटर प्लांट ने 80,46,038 टन सिंटर उत्पादन कर वर्ष 2023-24 के 79,56,681 टन के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ा। वहीं बार एंड रॉड मिल ने 9,61,363 टन उत्पादन कर नया रिकॉर्ड बनाया। रेल उत्पादन के क्षेत्र में भी संयंत्र ने उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। अप्रैल 2025 से फरवरी 2026 के दौरान कुल प्राइम रेल उत्पादन 11,98,122 टन दर्ज किया गया, जो वर्ष 2019-20 के 11,65,210 टन के रिकॉर्ड से अधिक है। रेल एंड स्ट्रक्चरल मिल ने 1,65,364 टन लांग रेल उत्पादन कर वर्ष 2023-24 के 1,52,806 टन के आंकड़े को पार किया। मॉडेक्स इकाई यूआरएम ने 8,67,981 टन फिनिश्ड रेल, 8,33,419 टन प्राइम रेल तथा 8,02,228 टन लांग रेल उत्पादन कर नए रिकॉर्ड बनाए। इसी अवधि में संयंत्र की सभी फिनिशिंग मिलों ने मिलकर 43,81,903 टन फिनिश्ड स्टील का उत्पादन किया, जो वर्ष 2024-25 के 42,84,351 टन से अधिक है। संयंत्र ने 49,38,920 टन सेलेबल स्टील और 52,41,982 टन क्रूड स्टील का उत्पादन कर भी पिछले रिकॉर्डों को पीछे छोड़ दिया है। वहीं स्टील मेल्टिंग शॉप-3 ने 32,79,819 टन कास्ट स्टील, 10,95,421 टन ब्लूम तथा 21,84,398 टन बिलेट उत्पादन कर नए कीर्तिमान बनाए। रेल डिस्पैच के क्षेत्र में भी संयंत्र ने शानदार प्रदर्शन किया। आरएसएम और यूआरएम से कुल 9,90,688 टन लांग रेल लोडिंग की गई, जो वर्ष 2023-24 के 9,12,812 टन के रिकॉर्ड से अधिक है। इसके अलावा रेलवे के लिए कुल 11,52,142 टन रेल की लोडिंग की गई, जो वर्ष 2019-20 के 11,24,363 टन के पिछले सर्वश्रेष्ठ रिकॉर्ड से बेहतर है। तकनीकी-आर्थिक मापदंडों में भी संयंत्र ने बेहतर प्रदर्शन दर्ज किया है। ब्लास्ट फर्नेसों ने 426 किलोग्राम प्रति टन हॉट मेटल की कोक दर हासिल की, जो पिछले वर्ष के 432 किलोग्राम प्रति टन से बेहतर है। वहीं ब्लास्ट फर्नेसों की उत्पादकता 2.03 टन प्रति घन मीटर प्रतिदिन दर्ज की गई, जो वर्ष 2024-25 के 1.91 टन प्रति घन मीटर प्रतिदिन से अधिक है।



## एक नजर

### मारपीट करने वाले फरार 2 आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार




**बलौदाबाजार 8 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** प्रार्थी द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि दिनांक 04.03.2026 को आहत कुशल ध्रुव अपने दोस्तों के साथ होली मनाकर पैदल अपने घर जा रहा था, कि इसी बीच बाजार चौक के पास आरोपी विकास ध्रुव, राहुल, टिकेश्वर एवं अन्य लापरवाही पूर्वक मोटरसाइकिल चलाते हुए उसके पास आए, जिस पर आहत कुशल ध्रुव द्वारा मोटरसाइकिल को ठीक से चलाओ कहने पर, आरोपियों द्वारा जान से मारने की धमकी देते हुए, अश्लील गाली गलौज कर आहत कुशल ध्रुव के साथ गंभीर रूप से मारपीट किया गया तथा अपने पास रखे चाकू से आहत पर गंभीर वार किया गया। कि रिपोर्ट पर अपराध क्र. 186/2026 धारा 296,118(1),351(2) बीएनएस, 25,27 आर्म्स एक्ट का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में पुलिस द्वारा 01 आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया था, लेकिन घटना में शामिल अन्य आरोपी फरार हो गए थे। प्रकरण में पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता द्वारा ग्राम करमदा में चाकूबाजी की घटना को अंजाम देने वाले फरार अन्य आरोपियों को भी तत्काल गिरफ्तार करने हेतु थाना प्रभारी सिटी कोतवाली को निर्देशित किया गया। उक्त निर्देशों के परिपालन में थाना सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा प्रकरण में संलिप्त 02 अन्य फरार आरोपियों को हिरासत में लिया गया, जिनसे पूछताछ करने पर आरोपियों द्वारा आहत कुशल ध्रुव के साथ मारपीट करते हुए, उसे चाकू से वारकर गंभीर चोट पहुंचाना स्वीकार किया गया। कि प्रकरण में दोनों आरोपी को आज दिनांक 07.03.2026 को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समस्त प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है। पुलिस द्वारा प्रकरण में अब तक कुल 03 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। प्रकरण विवेचना में है।

### मोबाइल छीनने से मना किया तो बदमाशों ने किया चाकू से वार

**डोंगरगढ़/पिंनकापार बलौदाबाजार 8 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** होली पर्व के दौरान नशे में धुत्त तीन बदमाशों के द्वारा गांव के शौच गए युवक से मोबाइल छिनाझपटी पर विरोध करने के बाद चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया गया है। बताया जाता है कि इन बदमाशों में से दो नाबालिक है और ग्राम मेढा व मूरमुंदा के बताए जा रहे है। बताया जाता है कि नशेबाज बदमाशों के द्वारा युवक के सीने, पेट और पीठ सहित 10 स्थानों पर चाकू से वार किया है,जिससे उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। इलाज के लिए रायपुर रेफर किया गया है। पुलिस से मिली जानकारी में बताया गया कि चाकूबाजी की घटना डोंगरगढ़ थाना क्षेत्र के पिनकापार गांव में 4 मार्च को हुई। पुलिस द्वारा बताया गया कि परमानंद धोबी पिता भूषण धोबी उम्र 25 साल निवासी ग्राम पिनकापार जो कि 4 मार्च की रात्रि लगभग 8 बजे डबरी भाटापारा के पास शौच करने गया था और लौट रहा था कि अचानक प्रभु मार्कण्डेय पिता सुरेश मार्कण्डेय उम्र 19 साल निवासी लक्ष्मीनगर कलमना मार्केट नागपुर जिला महाराष्ट्र व ग्राम मेढा व मूरमुंदा के दो नाबालिको के द्वारा मोबाईल फोन छिनने कर विरोध करने पर चाकू से ताबड़तोड़ वार कर भाग गए। पुलिस ने एक आरोपी सहित दो विधि से संघर्ष बालकों को अभिरक्षा में लेकर वारदात में प्रयुक्त चाकू की जप्ती बनाकर कार्यवाही की गई है।

### अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महतारी वंदन सम्मेलन आज

**बलौदाबाजार 8 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** ज़िला प्रशासन और महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर 8 मार्च रविवार को राजस्व मंत्री श्री टंकराम वर्मा के मुख्य आतिथ्य में महतारी वंदन सम्मेलन का आयोजन किया गया जा रहा है। यह कार्यक्रम जिला ऑडिटोरियम. बलौदाबाजार में सुबह 11से आयोजित होगा। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि, वरिष्ठ अधिकारी एवं बड़ी संख्या में नारी शक्ति उपस्थित रहेंगे।

### लखपति दीदी अमृता साहू के लिए राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान बना मददगार

**राजनांदगांव 8 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** उम्मीदों के जुगनू झिलमिलाते हैं, मन में हौसला हो तो ख्वाब पूरे होते हैं। कुछ ऐसे ही जज्बे और जुनून से राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम खुटेरी की लखपति दीदी श्रीमती अमृता साहू ने अपनी मेहनत एवं लगन से नई राह बनाई। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान से उन्हें बहुत मदद मिली। जय मां शारदा स्व सहायता समूह से जुड़कर उन्होंने बचत जमा किया और समूह, ग्राम संगठन तथा कलस्टर संगठन के माध्यम से बैंक से ऋण लेकर सिलाई मशीन खरीदी तथा फैंसी स्टोर प्रारंभ किया। कई तरह की चुनौतियों के बावजूद उद्यमी होने तथा लखपति दीदी बनने का उनका सफर रोचक रहा है। उन्होंने बताया कि सिलाई का कार्य सीखने का फायदा मिला। जिसके कारण आर्डर मिलने लगा। फैंसी स्टोर में श्रृंगार की वस्तुएं, अन्य उपयोगी सामग्री रखने से बिक्री बढने से लाभ मिला। उनकी मासिक आय 8 हजार रूपए है तथा वार्षिक आय 1 लाख 20 हजार रूपए है। उन्होंने कहा कि आर्थिक रूप से सक्षम होने से बच्चों को अच्छी शिक्षा दिला रही हूं और परिवार को आर्थिक मदद मिल रही है।

# कलेक्टर ने सोखता गड्ढा निर्माण के लिए किया श्रमदान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बलौदाबाजार 8 मार्च।** कलेक्टर कुलदीप शर्मा शुक्रवार को कसडोल विकासखंड के दौरा पर रहे। इस दौरान ग्राम अमोदी के प्राथमिक कृषि साख समिति परिसर पहुंचे। उन्होंने कार्यालय के पास मोर गांव मोर पानी अभियान 2.0 अंतर्गत सोखता गड्ढा निर्माण हेतु श्रमदान किया और उपस्थित ग्रामीणों को जल संरक्षण में सहभागिता के लिये प्रोत्साहित किया।

कलेक्टर ने कहा कि पानी जीवन का आधार है और भूमिगत जल का अत्यधिक दोहन होने के कारण वाटर लेवल घटते जा रहा है। उन्होंने कहा कि पानी को व्यर्थ बहने न दें, नल के पास सोखता गड्ढा बनाएं। गांव के सभी हैंडपम्प सड़करी भवनो के पास अनिवार्य रूप से जनसहभागिता से सोखता गड्ढा का निर्माण कराएं। उन्होंने सरपंच व सचिव से ग्राम पंचायत में सोखता गड्ढा निर्माण की जानकारी ली। सरपंच ने बताया कि गांव में 7 हैंडपम्प के पास सोखता गड्ढा बनाया गया है।

इसके पश्चात कलेक्टर ने सहकारी समिति का निरीक्षण किया और धान उठाव, सूखत, केसीसी, पैक्स में एंट्री, खाद भण्डारण,माइक्रो एटीएम से राशि निकासी आदि की जानकारी ली।समिति प्रबंधक ने बताया कि धान का शतप्रतिशत उठाव कर लिया गया है एवं पैक्स में सभी जानकारी इंट्री हो गया है। किसानों को मैक्रो एटीएम से राशि निकासी की सुविधा है।सहकारी समिति कार्यालय के बगल में संचालित हो रहे पीडीएस दुकान के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने चावल की गुणवत्ता, खाद्यन्न भण्डारण की जानकारी ली। उन्होंने उपस्थित ग्रामीणो से नियमित एवं समय पर दुकान खुलने व राशन प्राप्त करने के सम्बन्ध में पूछताछ की। ग्रामीणों ने बताया कि दुकान समय पर नियमित खुलता है और कोई दिक्कत नहीं होती। अभी चावल और शक्कर ही मिलता है। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल, एसडीएम आर.आर.दुबे, खाद्य अधिकारी पुनीत वर्मा, उपायुक्त साहकारिता उमेश गुप्ता सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर विशेष

# नारी सभ्यता, संस्कृति, साहस और संवेदना की वाहक

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 8 मार्च।** हमारे देश में नारी को शक्ति पुंज माना गया है। नारी सभ्यता, संस्कृति, साहस और संवेदना की वाहक हैं। कहीं कोमल तो कभी फौलादी इरादों जैसी मजबूत भी है। महिलाएं समाज का अभिन्न हिस्सा है और देश की आधी आबादी महिलाओं का देश के विकास में विशेष योगदान है। आज की महिलाएं अपने आत्मविश्वास, लगन एवं मेहनत से विभिन्न क्षेत्रों में न केवल कार्य कर रही हैं, बल्कि सफलता के नए आयाम प्राप्त कर रही हैं। घर की चारदिवारी से बाहर निकलकर यह उनके हौसलों की उड़ान है। स्वामी विवेकानंद के विचार प्रासंगिक है कि किसी राष्ट्र की प्रगति को आंकने का सबसे सही पैमाना वहां की महिलाओं की स्थिति है। भारतीय सेना में भी महिलाएं देश की सेवा कर रही हैं। वहीं राजनीति, प्रशासनिक, प्रेस एवं विभिन्न संस्थानों में महत्वपूर्ण पदों पर कार्य कर रही हैं। महिलाएं अपने घर की जिम्मेदारी निभाते हुए भी समानतापूर्वक अपने कार्यों को सफलतापूर्वक कर पा रही हैं। जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में परिवर्तन की बयार दिखाई देती है। शासन की योजनाओं से ग्रामीण क्षेत्रों में विशेषकर एक जागृति आयी है। शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता, पोषण सहित विभिन्न मुद्दों पर उनकी जागरूकता रोचक है। ग्रामीण क्षेत्रों में महिला स्व सहायता समूह, मितानिन एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के माध्यम से महिला शक्ति के व्यापक विस्तार को उजागर करते हैं। विभिन्न क्षेत्रों में इसके प्रभावी परिणाम दिखाई देते हैं। शासन की महिला उत्थान से जुड़ी जनहितकारी योजनाएं क्रांतिकारी रही है। शासन की महतारी वंदन योजना से पात्र महिलाओं को प्रतिमाह 1000 रूपए से लाभान्वित किया जा रहा है। जिले में महतारी वंदन योजना में कुल 24 किस्त जारी की गई है। जिले में पात्र महिलाओं को लगभग 578 करोड़ रुपए की राशि जारी की गई। खाद्यान्न सुरक्षा अधिनियम अंतर्गत महिला सशक्तिकरण के दृष्टिगत विशेष तौर पर प्रावधान किया गया है कि प्रत्येक परिवार में परिवार की सबसे वरिष्ठ महिला जो 18 वर्ष की आयु से कम न हो राशन कार्ड जारी करने के प्रयोजन के लिए परिवार की मुखिया मानी जाएगी। राशन कार्ड में महिलाओं को प्राथमिकता देना महिला उत्थान के लिए शासन की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करती है। जिला प्रशासन द्वारा शासन की योजनाओं के तहत महिला उन्मुखी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है।

ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाएं सफल उद्यमी बनकर उभर रही है और आर्थिक रूप से सशक्त बन नहीं है। जिले की 4920 महिला स्वसहायता समूह को 133 करोड़ 39 लाख रूपए बैंक लिंकेज के माध्यम से ऋण प्रदान किया गया है। वहीं जिले की 829 महिलाओं को 10 करोड़ 11 लाख रूपए मुद्रा लोन के तहत दिया गया है। जिससे वे स्वयं का व्यवसाय स्थापित कर आर्थिक दृष्टिकोण से मजबूत बन रही है। जिला प्रशासन द्वारा जल संरक्षण के लिए चलाए जा रहा मिशन जल रक्षा अभियान के कारगर परिणाम प्राप्त हो रहे हैं। जनसहभागिता से संचालित इस अभियान में जल संरक्षण के लिए महिलाओं की भूमिका सराहनीय है। पद्मश्री फूलबासन बाई यादव एवं उनकी टीम द्वारा जल संरक्षण के लिए जागरूकता के लिए विशेष तौर पर प्रयास किया जा रहा है। जिले में किए गए प्रमुख नवाचार-रिचार्ज सॉफ्ट बोरवेल एवं सेंड फिल्टर तकनीक परकुलेशन टैंक में इंजेक्शन वेल तैयार कर वर्षा जल को सीधे वाटर लेबल से जोडऩा, नए बोरवेल के साथ इंजेक्शन वेल का निर्माण, पहाड़ी क्षेत्रों में रिचार्ज संरचनाएं और लो-लाइन क्षेत्रों में जल संरक्षण संरचनाएं, संरचनाओं की मरम्मत, संधारण एवं जीआईएस-आधारित योजना निर्माण, इन कार्यों में 70 प्रतिशत से अधिक महिलाओं की भागीदारी दर्ज की गई। शासन की सुकन्या समृद्धि योजना से बालिकाओं के लिए बचत की प्रवृत्ति बढ़ी है। वहीं प्रधानमंत्री मातृत्व वंदन योजना से पहली बार माता बनने वाली योजनाओं को 5000 रूपए की सहायता मिल रही है। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना से ग्रामीण क्षेत्रों महिलाओं को गैस चुल्हा मिलने से भोजन बनाने में आसानी हो रही है। वहीं जल जीवन मिशन के तहत नल के माध्यम से घर में शुद्ध पेयजल मिलने से महिलाओं की समय एवं ऊर्जा की बचत हुई है।

प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत प्रतिमाह की 9 एवं 24 तारीख को स्त्री रोग विशेषज्ञों द्वारा प्रसव पूर्व जांच की जाती है। इस योजना के तहत विगत 1 वर्ष से कुल 15386 गर्भवती माताओं की जांच कर हाई रिस्क वाली माताओं को चिन्हांकित कर विशेष देखरेख किया गया। वहीं 45 महिलाओं की निःशुल्क सोनोग्राफी की गई। जिले में स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान अंतर्गत आयुष्मान आरोग्य मंदिर, प्राथमिक एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में स्पेसलिस्ट कैम्प एवं विशेषज्ञ चिकित्सकों के माध्यम से स्पेस्लिस्ट कैम्प आयोजित किए गए। जिले में स्वस्थ्य नारी सशक्त परिवार अभियान अंतर्गत प्रदेश में सर्वाधिक 227107 हितग्राही लाभान्वित हुए है। श्रम विभाग में संचालित योजना अंतर्गत मिनी माता महतारी जतन योजना अंतर्गत 7232 महिलाओं को 14 करोड़ 46 लाख 40 हजार रूपए की राशि से लाभान्वित किया गया है। दीदी ई-रिक्शा सहायता योजना अंतर्गत 24 महिलाओं को 24 लाख रूपए की राशि से मदद दी गई है। शासन की विभिन्न महिलाओं पर के केन्द्रित योजनाएं महिला सशक्तिकरण की दिशा में मील का पत्थर हैं।

## पलारी क्षेत्र में शराब तस्करी करने वाले गिरोह का पुलिस ने किया भंडाफोड़



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार 8 मार्च।** ग्राम गातापार रोड में कुछ आरोपी अवैध रूप से बिक्री करने के लिए शराब को मोटरसाइकिल के माध्यम से ले जा रहे हैं। कि सूचना पर थाना पलारी पुलिस द्वारा घेराबंदी कर उक्त संदेही मोटरसाइकिल का पीछा किया गया, एक आरोपी गोविंद मिरी को ग्राम गातापार खोरसीनाला ब्रेकर के पास शराब सहित मोटरसाइकिल से नीचे गिरने पश्चात भागते हुए पकड़ा गया। इस दौरान पुलिस टीम द्वारा आरोपी से कुल ?6050 कीमत मूल्य का 55 पाव देसी मसाला शराब जप्त किया गया। मामले में आरोपी के विरुद्ध अपराध क्र. 106/2026 धारा 34(2) आबकारी एक्ट का प्रकरण पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया।

प्रकरण में पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता द्वारा पलारी क्षेत्र में अवैध रूप से शराब तस्करी में संलिप्त सभी आरोपियों को गिरफ्तार करने हेतु थाना प्रभारी पलारी को निर्देशित किया गया, उक्त निर्देशों के परिपालन में थाना पलारी पुलिस द्वारा मामले में END to END विवेचना कार्यवाही करते हुए अवैध रूप से बिक्री करने के लिए गिरफ्तार आरोपी को शराब उपलब्ध कराने वाले, उस शराब को सप्लाई करने एवं उस शराब को खरीदने वाले सहित कुल 03 आरोपियों को पकड़ा किया गया है।

इस प्रकार थाना पलारी पुलिस द्वारा अवैध रूप से शराब तस्करी के इस सप्लाई चैन की तीनों कड़ियों को गिरफ्तार कर, इस शराब तस्करी गिरोह का पर्दाफाश किया गया है। प्रकरण में तीनों आरोपियों को आज दिनांक 07.03.2026 को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है।

## बाइक रैली निकालकर वन अग्नि सुरक्षा के लिए चलाया जागरूकता अभियान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बलौदाबाजार, 8 मार्च।** वनमण्डलाधिकारी धम्मशील गणवीर के निर्देशानुसार शनिवार को वन परिक्षेत्र देवपुर अंतर्गत वन अग्नि से सुरक्षा एवं सावधानी के संबंध में व्यापक जनजागरूकता के उद्देश्य से बाइक रैली का आयोजन किया गया। बाइक रैली के माध्यम से परिवृत्त देवपुर के अंतर्गत ग्राम देवपुर, तेंदुचुवा, धमलपुरा, कोसमसरा, पकरीद, गिधपुरी, मेटकुला, कुरकुटी एवं नवाडीह में ग्रामीणों एवं स्कूली विद्यार्थियों को वन अग्नि से बचाव के संबंध में जागरूक किया गया। इस दौरान बैनर एवं पोस्टर के माध्यम से लोगों को जंगलों में आग न लगाने, जंगल से लगे खेतों में पराली न जलाने, महुआ संग्रहण के समय आग न लगाकर झाड़ू से साफ कर महुआ बिनने, ज्वलनशील वस्तुएं लेकर जंगल में प्रवेश न करने तथा जंगल में आग की घटना होने पर तत्काल वन विभाग को सूचना देने के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही वन अग्नि से पर्यावरण, वन्यजीवों एवं वन संपदा को होने वाली क्षति के बारे में भी बताया गया। इस जनजागरूकता रैली में परिक्षेत्र अधिकारी देवपुर संतोष कुमार पैकरा,चंद्रहास ठाकुर, रामेश्वर साहू सहित समस्त फायर वाचर, समिति सुरक्षा श्रमिक, वन प्रबंधन समितियों के अध्यक्ष एवं सदस्य तथा गुरु घासीदास केंद्रीय विश्वविद्यालय बिलासपुर से आए छात्र-छात्राओं ने सक्रिय सहभागिता निभाई।

## महतारी वंदन योजना से मीनाक्षी की संवरी गृहस्थी

**बलौदाबाजार-भाटापारा,8 मार्च।** बलौदाबाजार -भाटापारा जिले के ग्राम बम्हनमुड़ी निवासी मीनाक्षी जोशी के लिए प्रदेश सरकार की 'महतारी वंदन योजना' संबल बनकर उभरी है।



हर माह उनके खाते में आने वाली एक हजार रुपए की सहायता राशि ने न केवल उनकी आर्थिक स्थिति को सुधारा है, बल्कि परिवार की छोटी-छोटी दैनिक आवश्यकताओं को बिना किसी चिंता के पूरा करने का मार्ग भी प्रशस्त किया है। मिनाक्षी के पति श्री भूपेंद्र जोशी एक ऑटो पाट्‌र्स की दुकान में कार्य करते हैं, जिनसे होने वाली सीमित आय में दो छोटे बच्चों–तीन वर्षीय पुत्री और एक वर्षीय पुत्र–के साथ परिवार का भरण-पोषण करना एक बड़ी चुनौती थी। घर की आर्थिक स्थिति बेहतर न होने के कारण छोटी-बड़ी घरेलू जरूरतों के लिए अक्सर समझौता करना पड़ता था, लेकिन इस योजना ने उनकी राह आसान कर दी है। मिनाक्षी बताती हैं कि इस योजना के लाभ से मिनाक्षी के जीवन में एक सकारात्मक बदलाव आया है। उनका मानना है कि महतारी वंदन योजना केवल एक वित्तीय सहायता नहीं, बल्कि महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और समाज में उन्हें सम्मान दिलाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। नियमित रूप से मिलने वाली इस राशि से महिलाओं में आत्मविश्वास बढ़ा है और वे अब खुद को पहले से अधिक आर्थिक रूप से सशक्त महसूस कर रही हैं। मिनाक्षी ने महिलाओं के हितों का ध्यान रखने और उन्हें यह मजबूती प्रदान करने के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय जी के प्रति हृदय से आभार व्यक्त किया है।

# पंचायतों में रोजगार दिवस का आयोजन कर वीबी जीरामजी योजना की दी गई जानकारी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बलौदाबाजार 8 मार्च।** जिले के सभी विकासखंड के ग्राम पंचायतों में पंजीकृत श्रमिको को रोजगार उपलब्ध कराते हुए कार्यक्षेत्र पर रोजगार दिवस का आयोजन शनिवार को किया गया इसके साथ ही विकसित भारत-रोजगार एवं आजीविका मिशन ग्रामीण अधिनियम 2025 के प्रावधानों, लाभों और क्रियान्वयन के तरीकों के बारे में बताया गया। जिले में महात्मा गांधी नरेगा अंतर्गत कुल 7240 कार्य संचालित है जिसमें 25067 श्रमिक नियोजित है। नया कानून ग्रामीण रोजगार और आजीविका को बढ़ावा देने के लिए लाया गया है, जो मनरेगा की जगह लेगा और इसमें 100 दिन की बजाय 125 दिन का गारंटीड रोजगार प्रदान किया जाना शामिल है। योजना में कार्यों की पारदर्शिता एवं जवाबदेही के लिए डिजिटलाईजेशन एवं टेक्नालाजी का उपयोग करते हुए जल संरक्षण, भू-जल पूर्नभरण, वाटरशेड विकास, सिंचाई, वनीकरण, एवं जल स्त्रोतो के कार्यों को बढ़ावा देना है।विकसित भारत जी राम जी अधिनियम 2025 में जल संरक्षण एवं जल संबंधित कार्यों को बढ़ावा मिलेगा, मूलभूत ग्रामीण अवसरंचना सुदृढ़ होगी,आजिविका के अवसर एवं अनुकुलन क्षमताओ का विकास होगा। मजदूरी रोजगार गारंटी तथा 7 दिवस में मजदूरी भुगतान की गारंटी।तय समय में काम नही मिलने पर बेरोजगारी भत्ता का प्रावधान है।

### चाकू से डराकर अपाहिज युवक से लूटपाट

**डोंगरगढ़ 8 मार्च।** गुरुवार की रात्रि कटली शराब दुकान से लौट रहे एक अपाहिज युवक से अज्ञात दो बदमाशों के द्वारा चाकू की नोंक पर लूटपाट का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थी सरोज कुमार राय मुखर्जी पिता स्व. ए के रॉय मुखर्जी निवासी वार्ड नं. 10 गणेश मंडली कालकापारा डोंगरगढ़ की माने तो वह गुरुवार की रात्रि लगभग 9.30 बजे कटली शराब दुकान से अपनी मोटरसाइकिल से शराब लेकर लौट रहा था कि बेलगांव पुलिया के पास दो अज्ञात युवकों के द्वारा चलती गाड़ी में लात मारकर गिराया गया व चाकू की नोंक पर मोबाईल व पर्स जिसमें लगभग 5 हजार पांच सौ रु थे जेब से निकालकर मारपीट करते हुए गिरा कर लाल कलर की मोटरसाइकिल में ग्राम धूसेरा वाले रास्ते से भाग गए।

कलेक्टर ने पंचायत एवं ग्रामीण विकास विकास विभाग के कार्यो की समीक्षा की

# पीएम आवास निर्माण में प्रगति लाने, जल संरक्षण एवं ग्रामीण स्वरोजगार पर ज्यादा ध्यान देने के दिए निर्देश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**बलौदाबाजार, 8 मार्च।** कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने शनिवार को जिला पंचायत सभागार में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के कार्यो की समीक्षा की। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत निर्माणाधीन एवं अप्रारम्भ आवासों को शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिये। उन्होंने बैठक में योजनाओं, निर्माण कार्यो सहित रोजगार सृजन पर विस्तृत समीक्षा की।कलेक्टर ने कहा कि द्वितीय किश्त जारी हुए आवासों को अप्रैल तक पूरा कराने 15 -15 दिन की प्रगति रिपोर्ट बनाएं। विकासखंड समन्वयक एवं तकनिकी सहायक आपसी समन्वय एवं फिल्ड विजिट करें।कहीं पर दिक्क़त हो तो सरपंच, सचिव एवं रोजगार सहायक की भी सहयोग लें। हितग्राहियों के पलायन के कारण अप्रारम्भ आवासों को शुरू करने के लिये हितग्राहियों से संपर्क करने कहा। इसीतरह मुख्यमंत्री आवास योजना अंतर्गत आवासों को भी तेजी से पूर्ण कराने के निर्देश दिये।

कलेक्टर ने मनरेगा अंतर्गत पंचायतों में कम से कम 2 काम स्वीकृत कर जल संरक्षण के कार्य कराने कहा।हैंडपम्प, टेप नल के पास सोखता गड्ढा का निर्माण एवं सभी पीएम आवास व सरकारी भवनों में वाटर हार्वेस्टिंग संरचना निर्माण के निर्देश दिये।उन्होंने तालाब व डबरी निर्माण के काम जल्द शुरू करने के साथ ही डबरी निर्माण में उपयुक्त स्थल का चयन करने के निर्देश दिये ताकि पानी का ठहराव हो। इसीतरह सामुदायिक तालाब निर्माण से पूर्व ग्राम सभा में प्रस्ताव पर चर्चा कर स्थल चयन करने कहा। उन्होंने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत समूह की महिलाओं को आर्थिक रूप से सक्षम बनाने के लिये ऋण राशि एवं आजीविका के साधन उपलब्ध कराने के निर्देश दिये।मनरेगा में भी महिलाओं की अधिक भागीदारी पर जोर दिये।

## थोड़ा सा बेहतर किया और थोड़ा बेहतर करना है

किसी भी क्षेत्र में जब मुकाबला 19-20 को होता है तो जीतने के लिए बहुत कुछ नहीं करना होता है, सामने वाले से थोड़ा सा बेहतर प्रदर्शन करना होता है और जो ऐसा करता है वह नया इतिहास लिखता है। इतिहास में नया अध्याय जोड़ता है।सेमीफाइनल पहुंचने के लिए भारत ने वेस्टइंडीज से थोड़ा बेहतर किया और सेमीफाइनल पहुंच गया था। इसके बाद उसके सामने इंग्लैंड को हराकर फाइनल में पहुंचने के लिए फिर एक बार इंग्लैंड से थोड़ा बेहतर करना था। दोनों बार भारत ने सामने वाली टीमों से थोड़ा बेहतर किया और उसका परिणाम सामने है, भारत लगातार दूसरी बार फाइनल में पहुंच गया है।उम्मीद है कि फाइनल में भी भारत थोड़ा बेहतर करके कप जीतेगा। भारत के खिलाडि़यों ने मैच शुरु होने के पहले सोच रखा था कि इतिहास दोहराना है यानी भारत को टी-20 के फाइनल में पहुंचना ही नहीं है, फाइनल जीत कर लगातार दूसरी बार विश्वकप जीतना भी है।कहा जाता है कि आदमी या कोई समूह जैसा सोचता है, वैसा कर भी सकता है और ऐसा ही हुआ है कि शुरू में कहीं कहीं भारत की किसी किसी क्षेत्र में कमजोरी दिखी जिससे यह भरोसा कम होता था कि भारत फाइनल पहुंच पाएगा या नहीं। द.अफ्रीका से सुपर एट में हार के बाद तो यह भरोसा बहुत कम हो गया था और ऐसा लग रहा था कि भारत सेमीफाइनल में पहुंच पाएगा या नहीं लेकिन भारत के खिलाडियों ने अपनी मेहनत व किस्मत से सेमीफाइनल तक पहुंच गए और जब और जिस वक्त उनको सामने वाली टीम से कुछ बेहतर करके दिखाना था, भारतीय टीम ने यह कर दिखाया।भारत को वेस्टइंडीज को हराने के लिए 196रन बनाने थे और एक खिलाड़ी संजू सैमसन ने एक छोर पर जमे रहकर भारत के खिलाडियों को आश्वस्त किया कि हम यह मैच जीत सकते हैं शर्त बस इतनी है कि जो जितना टीम के लिए कर सकता है,उसे करने का प्रयास करना चाहिए। जीत की नींव मजबूती से संजू सैमसेन ने रखी और बाकी खिलाडि़यों ने जितना रन बना सकते थे बनाने का प्रयास किया और टीम ने संयुक्त रूप से ठीक समय पर सामने वाली टीम ने थोडा़ बेहतर किया और रिजल्ट वही रहा जो भारतीय टीम व भारत के क्रिकेट प्रेमी चाहते थे। भारत जिसके सेमीफाइनल पहुंचने की उम्मीद कोई नहीं कर रहा था वह सेमीफाइनल पहुंच गया और भारत जिसेक फाइनल पहुंचने कि उम्मीद कोई नहीं कर रहा था, वह फाइनल में भी पहुंच गया है। भारत ने फाइनल पहुचकर विश्व के तमाम देशों व दिग्गज खिलाडि़यों को चमत्कृत कर दिया है। यह वाकई में आज जब भारत की क्रिकेट की टीम फाइनल में पहुंच चुकी है तो चमत्कार जैसा लगता है क्योंकि माना जाता है कि टी-20 के फाइनल में आज तक वह देश दोबारा फाइनल में पहुंचा है, जो पिछली बार फाइनल पहुंचा था और चैंपियन बना था। भारत ने दुनिया का बता दिया है कि वह क्या नहीं कर सकता है, वही वह काम कर सकता है दो कोई देश नहीं कर सका। यही संभव हुआ है हर खिलाड़ी के चमत्कारी प्रदर्शन से। किसको पता था कि भारत टास हारेगा और उसे पहले बैटिंग करने को कहा जाएगा। सबको यही लग रहा था कि इंग्लैंड के कप्तान ने सही फैसला किया है।भारत को चुनौती का सामना करना पसंद है, वह स्थिति के अनुसार खेलना जानता है और एक खिलाड़ी ऐसा कुछ करता है कि उससे सभी खिलाड़ी प्रेरित होकर ऐसा खेलते हैं कि चमत्कार जैसा हो जाता है। संजू सैमसन ने इंग्लैंड के बालरों को जो पिटाई शुरू की कि भारत के तमाम खिलाडियों के लगा कि इन्हें तो हम भी मार सकते हैं और अभिषेक को छोड़ दिया जाए तो इसान, शिवम, हार्दिक, तिलक सभी ने इंग्लैंड के बालरों की वह पिटाई की सेमीफाइनल का आज तक का सबसे बड़ा स्कोर बन गया। भारत ने इस विश्वकप में दूसरी बार 250 से ज्यादा रन बनाए और बता दिया उसकी बैंटिंग का कोई मुकाबला नहीं है। इसके बाद भारतीय बालरों को इंग्लैंड को बालरों से थोड़ा बेहतर बालिंग करनी थी और थोड़ी बेहतर फील्डिंग करनी थी। एक बल्लेबाज ने भारत की तरफ से बढि़या खेला तो एक बल्लेबाज ने इंग्लैंड की तरफ से अच्छा खेला। इंग्लैंड के कप्तान ने संजू सैमसन का कैच छोड़ा और वही उनकी हार का एक कारण था. दूसरा कारण बूमराह के दो ओवर, तीसरा कारण अक्षर पटेल की चमत्कृत करने वाली फील्डिंग थी। हार्दिक के फेंकी गेंद पर बेथल का रन आउट होना भी जीत का एक कारण था। उसके आउट होते ही तय हो गया कि भारत जीत गया है।

विशेष लेख

# 'महतारी गौरव वर्ष' : महिला सशक्तिकरण के नवयुग की ओर अग्रसर छत्तीसगढ़

डॉ. दानेश्वरी संभाकर

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ आज महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक दौर से गुजर रहा है। मातृशक्ति के सम्मान, सुरक्षा और आत्मनिर्भरता को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए राज्य सरकार ने इस वर्ष को 'महतारी गौरव वर्ष' के रूप में मनाने की घोषणा की है। यह पहल केवल एक औपचारिक घोषणा नहीं है, बल्कि महिलाओं को राज्य की विकास यात्रा के केंद्र में स्थापित करने का सशक्त संकल्प है।

### विश्वास से निर्माण और अब गौरव की ओर

मुख्यमंत्री श्री साय ने अपने कार्यकाल के पहले वर्ष को 'विश्वास वर्ष' के रूप में शासन-प्रशासन और जनता के बीच भरोसे की पुनर्स्थापना को समर्पित किया। इसके बाद दूसरे वर्ष को भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की स्मृति में 'अटल निर्माण वर्ष' के रूप में मनाते हुए अधोसंरचना विकास और जनकल्याणकारी योजनाओं को नई गति दी गई। अब तीसरा वर्ष 'महतारी गौरव वर्ष' के रूप में माताओं और बहनों को समर्पित किया गया है, जिसमें राज्य की अधिकांश योजनाओं का केंद्रबिंदु महिलाएं होंगी। यह क्रम सरकार की संवेदनशील और समावेशी विकास की सोच को स्पष्ट रूप से दर्शाता है।

### महतारी वंदन योजना : आत्मसम्मान और आर्थिक सुरक्षा का आधार

छत्तीसगढ़ सरकार की महतारी वंदन योजना आज महिला सशक्तिकरण का मजबूत स्तंभ बन चुकी है। इस योजना के तहत प्रदेश की लगभग 70 लाख विवाहित महिलाओं को प्रतिमाह 1,000 रुपये की सहायता सीधे उनके बैंक खातों में प्रदान की जा रही है। अब तक 15 हजार 595 करोड़ रुपये से अधिक की राशि डीबीटी के माध्यम से महिलाओं को दी जा चुकी है। हाल ही में 24वीं किस्त के रूप में 68 लाख से अधिक महिलाओं को 641 करोड़ रुपये की राशि प्रदान की गई।यह नियमित आर्थिक सहयोग महिलाओं के आत्मविश्वास को बढ़ाने के साथ ही उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बना रहा है। कई महिलाएं इस राशि को केवल घरेलू खर्च तक सीमित न रखकर स्वरोजगार और छोटे व्यवसायों में निवेश कर रही हैं।

### संघर्ष से स्वावलंबन तक

संघर्ष से स्वावलंबन तक : रोहनी पटेल की प्रेरक कहानी बालोद जिले के ग्राम खैरडीह की श्रीमती रोहनी पटेल इसका एक प्रेरणादायक उदाहरण हैं। पति की असमय मृत्यु के बाद परिवार की जिम्मेदारी उनके कंधों पर आ गई थी। घर में वृद्ध सास की देखभाल और कॉलेज में पढ़ रहे दो बच्चों की पढ़ाई की चिंता उनके लिए बड़ी चुनौती थी।ऐसे कठिन समय में महतारी वंदन योजना उनके लिए उम्मीद की किरण बनकर आई। योजना से मिलने वाली राशि को उन्होंने सावधानीपूर्वक बचत कर अपने खेत में सब्जी उत्पादन का कार्य शुरू किया। बीज, खाद और कृषि सामग्री की व्यवस्था कर उन्होंने पूरी मेहनत से खेती की। आज श्रीमती रोहनी पटेल अपने खेत में उगाई गई ताजी सब्जियों को स्थानीय बाजारों में बेचकर नियमित आय अर्जित कर रही हैं। इस आय से वे अपने परिवार की आवश्यकताओं को पूरा कर रही हैं और बच्चों की पढ़ाई भी निर्बाध रूप से जारी है। उनका यह प्रयास गांव की अन्य महिलाओं के लिए भी प्रेरणा बन चुका है।

### महिला सशक्तिकरण के नवयुग की ओर अग्रसर छत्तीसगढ़




**बिहान से बदली जिंदगी : 'लखपति दीदी' बनीं श्रीमती माहेश्वरी यादव**-बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के ग्राम कोरदा की श्रीमती माहेश्वरी यादव भी महिला सशक्तिकरण की एक प्रेरक मिसाल हैं। पहले उनका जीवन सामान्य गृहिणी की तरह घर-परिवार की जिम्मेदारियों तक सीमित था। लेकिन छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन 'बिहान' से जुड़ने के बाद उनके जीवन में बड़ा परिवर्तन आया। समूह के सहयोग और परिवार के समर्थन से उन्होंने गांव में एक छोटी किराना दुकान शुरू की। अपनी मेहनत और बेहतर प्रबंधन के बल पर यह दुकान धीरे-धीरे गांव में भरोसेमंद केंद्र बन गई। आज इस दुकान से उन्हें प्रतिवर्ष लगभग 1 से 1.5 लाख रुपये की आय हो रही है और वे 'लखपति दीदी' बन चुकी हैं। इससे उनके बच्चों की शिक्षा और परिवार की आर्थिक स्थिति में उल्लेखनीय सुधार हुआ है।

### आधुनिक तकनीक से नई पहचान 'ड्रोन दीदी' सुश्री सीमा वर्मा

**आधुनिक तकनीक से नई पहचान : 'ड्रोन दीदी' सुश्री सीमा वर्मा**-बिलासपुर जिले के मस्तूरी क्षेत्र की सुश्री सीमा वर्मा ने भी यह साबित किया है कि अवसर और प्रशिक्षण मिलने पर महिलाएं आधुनिक तकनीक के क्षेत्र में भी नई पहचान बना सकती हैं। स्व-सहायता समूह से जुड़ने के बाद उन्होंने पहले मशरूम उत्पादन का कार्य शुरू किया और बाद में ड्रोन संचालन का प्रशिक्षण प्राप्त किया। शासन की सहायता से उन्हें ड्रोन सेट, जनरेटर और ई-वाहन उपलब्ध कराया गया। आज सीमा वर्मा किसानों के खेतों में ड्रोन के माध्यम से कीटनाशक छिड़काव कर रही हैं और इस कार्य से उन्हें सम्मानजनक आय प्राप्त हो रही है। गांव में लोग उन्हें स्नेहपूर्वक 'ड्रोन दीदी' के नाम से जानते हैं।

**बजट में महिला कल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता**-राज्य सरकार ने महिला एवं बाल विकास विभाग के लिए 8 हजार 245 करोड़ रुपये का बजट प्रावधान किया है।

आंगनबाड़ी एवं पोषण योजनाओं के लिए 2 हजार 320 करोड़ रुपये, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के लिए 120 करोड़ रुपये, मिशन वात्सल्य के लिए 80 करोड़ रुपये तथा रानी दुर्गावती योजना के लिए 15 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। इसके अतिरिक्त 750 नए आंगनबाड़ी केंद्रों के निर्माण के लिए 42 करोड़ रुपये और 250 महतारी सदनों के निर्माण के लिए 75 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं। यह बजटीय प्रावधान महिलाओं और बच्चों के समग्र विकास के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

**सुरक्षा, स्वास्थ्य और गरिमा की सुदृढ़ व्यवस्था**-महिला सुरक्षा के क्षेत्र में भी राज्य ने प्रभावी तंत्र विकसित किया है। वन स्टॉप सेंटर, 181 महिला हेल्पलाइन और डायल 112 के माध्यम से संकट की स्थिति में त्वरित सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। सुखद सहारा योजना के अंतर्गत 2 लाख 18 हजार से अधिक विधवा एवं परित्यक्ता महिलाओं को आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है।

**स्वावलंबन से नेतृत्व तक**-प्रदेश में 42 हजार से अधिक महिला स्व-सहायता समूहों को रियायती ऋण प्रदान कर आर्थिक रूप से सशक्त बनाया गया है। रेडी-टू-ईट कार्य महिला समूहों को सौंपे जाने से उन्हें स्थायी आय का स्रोत मिला है। इसके साथ ही डिजिटल सखी, दीदी ई-रिक्शा, सिलाई मशीन सहायता, मिनीमाता महतारी जतन योजना और लखपति दीदी जैसी पहलें महिलाओं को नए आजीविका अवसर प्रदान कर रही हैं। महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े के अनुसार महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना और उन्हें सुरक्षित तथा सम्मानजनक वातावरण प्रदान करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

**विकसित छत्तीसगढ़ की सशक्त आधारशिला**-मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने स्पष्ट किया है कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के लक्ष्य के अनुरूप 'छत्तीसगढ़ अंजोर विजन 2047' के माध्यम से राज्य को समावेशी विकास की दिशा में आगे बढ़ाया जा रहा है, जिसमें महिलाओं की सक्रिय भागीदारी को अनिवार्य तत्व माना गया है। 'महतारी गौरव वर्ष' केवल एक प्रशासनिक पहल नहीं, बल्कि सामाजिक चेतना का व्यापक अभियान है। यह वर्ष

## आज का राशिफल

मेष राशिः मेष राशि वालों आज आपका दिन धार्मिक आस्था और परोपकार के कार्यों में बीतेगा। किसी भी काम को करते समय अपना मन शांत रखें। इससे आपका काम आसानी से पूरा होगा। आज आप कोशिश करेंगे कि आपका व्यवहार सभी के प्रति अच्छा रहे तथा किसी की भावनाओं को भी ठेस न पहुंचे। पैसों से जुड़े बड़े फैसले आज आपको सोच समझकर लेने चाहिए। घरवालों के साथ विश्वविख्यात धार्मिक स्थल पर घूमने जायेंगे।

वृष राशिः वृष राशि वालों आज के दिन नई उर्जा से भरपूर रहेंगे। आपमें एक नई उमंग और खुशी रहेगी। आज आपको काम को पूरा करने के लिये कड़ी मेहनत करनी होगी नहीं तो आपका काम अधूरा रह सकता है। घर के किसी काम को पूरा करने में बड़े बुजुर्ग की राय आपके लिए कारगर साबित होगी। इस राशि के स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन सफलता दिलाने वाला होगा। किसी कॉम्पिटिटिव एग्जाम से रिलेटेड शुभ समाचार मिल सकता है। आप दोस्तों के साथ कुछ खुशी के पल बितायेंगे। किसी खास व्यक्ति के सहयोग से आपको लाभ होगा।

मिथुन राशिः मिथुन राशि वालों आज आपका दिन आपके लिए बेहतरीन रहने वाला है। व्यापार में आज आपको उम्मीद से अधिक फायदा होगा। आज घर में माता पिता के सहयोग से आपका मनोबल बढ़ेगा। आपको पारिवारिक उलझनों से छुटकारा मिलेगा। आपका सही मार्गदर्शन घर के सभी सदस्यों के दिल में एक दूसरे के प्रति प्यार बढ़ा देगा। आज किसी को उधार दिए पैसे आपको मिल जायेंगे इससे आपको आर्थिक सपोर्ट मिलेगा साथ ही आप कुछ नया खरीदने का विचार करेंगे। नौकरी की तलाश कर रहे लोगों को आज किसी बड़ी कंपनी से कॉल आयेगी।

कर्क राशिः कर्क राशि वालों आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। आज आप अपने व्यवहार को निखारने की कोशिश करेंगे। आज कार्यभार अधिक होने के कारण ऑफिस में देर तक रुकना पड़ेगा। छात्रों को आज पढ़ाई पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है, जल्द ही सफलता मिलने के योग बने हुये है। इस राशि के अकाउंटेंट के लिए आज का दिन व्यस्तता भरा रहेगा। जीवनसाथी के साथ शाम को मूवी देखने का प्लान बनेगा। लवमेट से मन पसंद उपहार मिलेगा, जिससे आपका मन प्रसन्न रहेगा। पहले की अपेक्षा आज स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। आर्थिक स्थिति पहले से मजबूत बनेगी।

सिंह राशिः सिंह राशि वालों आज आपका दिन रहने वाला है। आज आपकी कार्य योजनाओं से लोग जल्द ही सहमत होगें। आज आपके पारिवारिक रिश्तों में मधुरता बढ़ेगी, सभी लोग हंसी खुशी रहेंगे। फैमिली की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए खर्च और खरीदारी करते समय संतुलन बनाकर चलना होगा। आज अनावश्यक खर्च पर नियंत्रण आपके भविष्य में आर्थिक मददगार सिद्ध होगा। बॉस आपके कार्य प्रणाली से प्रभावित होंगे, आपकी तारीफ भी कर सकते हैं। माता पिताजी आपको आपकी मनपसंद की चीज गिफ्ट में देंगे, इससे पूरे दिन आपके चेहरे पर प्रसन्नता बनी रहेगी।

कन्या राशिः कन्या राशि वालों आज आपका दिन घूमने फिरने में अधिक बीतेगा। परिवार वालों की सलाह आपके लिए कारगर सिद्ध हो सकती। आज आप ऑफिस में किसी रुके हुए काम को सहकर्मियों की मदद से समय पर पूर्ण कर लेंगे, इससे आपका आत्मविश्वास और सीनियर्स आपसे प्रभावित होंगे। आज आपके व्यापार में उम्मीद से अधिक धन लाभ होने की संभावना रहेगी। अगर आज जॉब चेंज करना चाहते है तो सोच समझ कर ही करें। आज शाम तक शुभ समाचार मिलने से घर में खुशियों का माहौल बनेगा।

तुला राशिः तुला राशि वालों आज आपका दिन अच्छा रहेगा। कॉन्ट्रैक्टर्स को अच्छा खासा धनलाभ हो सकता है, यह आपके लिए आने वाले समय में बहुत फायदेमंद रहेगा। इस राशि के चिकित्सा क्षेत्र या डॉक्टर्स के लिए आज दिन काफी लकी साबित होगा उन्हें बड़ी उपलब्धि मिल सकती है। बड़ों का सहयोग आपके करियर को आगे बढ़ाने में मदद करेंगे। पड़ोसी से काफी लम्बे समय से चल रहा विवाद आज समाप्त हो जायेगा। आज आप अपनी जिम्मेदारियों को अच्छे से निभायेंगे। आज आपके व्यवहार में सकारात्मक बदलाव आयेगा, इससे जीवनसाथी प्रसन्न होंगे।

वृश्चिक राशिः वृश्चिक राशि वालों आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आज इष्ट मित्र आपसे मिलने आपके घर आ सकता है जिसे सामने देखकर आपको यकीन नहीं होगा, मित्र से कुछ निजी समस्याओं पर बात करके आपको हल्का महसूस होगा। आज संतान पक्ष की सफलता से आपको बहुत सुकून मिलेगा, पारिवारिक वातावरण खुशनुमा हो जायेगा। सेहत के मामले में आप खुद को स्वस्थ महसूस करेंगे। आज आपको अपनी मेहनत का फल जरूर मिलेगा, रचनात्मक कार्य में आपका नाम प्रशंसनीय होगा।

धनु राशिः धनु राशि वालों आज आपका दिन लाभदायक रहेगा। आपका धन कहा खर्च हो रहा है इस पर आपको नजर बनाये रखने की जरूरत है नहीं, तो भविष्य में आपको आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ सकता है। अभिभावक अपने बच्चों पर परीक्षा की तैयारी संबंधी दबाव न बनाये, उन्हें सहज महसूस करवाए जिससे उनकी क्षमता प्रभावित न हो। आने वाले समय में आपकी महत्वाकांक्षाएं बढ़ेंगी, जिसे पूरा करने के लिए आप कड़ी मेहनत करेंगे।

मकर राशि : मकर राशि वालों आज आपका दिन आपके परिवार के लिए नई खुशियाँ लेकर आया है। आप परिवारवालों के साथ ज्यादा वक्त बिताएंगे। आज आपके लिए फैसला करना थोड़ा मुश्किल हो सकता है। ऑफिस में काम ज्यादा होने के कारण जीवनसाथी के साथ कहीं जाने का प्लान कैंसिल करना पड़ सकता है। किसी काम में अनुमान से ज्यादा धन लाभ होने की संभावना है। आपको पैसों के लेन-देन में सावधान रहने की जरूरत है। छात्र आज ऑनलाइन किसी टॉपिक को समझने की कोशिश करेंगे। सॉफ्टवेयर इंजीनियर्स के लिए आज का दिन अच्छा है, ऑफिस की ओर से वीकेंड पार्टी में एन्जॉय करेंगे।

कुंभ राशिः आपका दिन शानदार रहने वाला है। आप किसी रिश्तेदार से मिलने उनके घर भी आज जा सकते हैं। महिलाओं के लिए आज का दिन बेहद ख़ास रहने वाला है। आज आपके पास बिजनेस को आगे बढ़ाने का अच्छा मौका है। कम्पटीशन की तैयारी कर रहे छात्र पढाई को लेकर नयी योजनायें बनायेंगे। जिस व्यक्ति की आपने कभी मदद की थी वह आज आपके काम आएगा। राजनीति से जुड़े लोगों को आज बड़ी सफलता मिलेगी। आज आपको किसी सामाजिक समारोह में जाने का मौका मिलेगा।

मीन राशिःमीन राशि वालों आज आपका दिन कॉन्फिडेंस से भरा रहेगा। धार्मिक कार्यों के प्रति आस्था व विश्वास से आगे बढ़ेंगे। अगर आज आप अपने कामों में जल्दबाजी दिखाने से बचेंगे तो आगे आने वाली किसी समस्या से बच जायेंगे। आपको परिवार से जुड़ी कई जिम्मेदारियां निभानी पड़ेंगी, जो कि आप अच्छे से संभाल लेंगे। साथ काम करने वाले लोगों से आपको मदद मिलेगी। अपने व्यक्तित्व को निखारने के लिए आज का दिन बढ़िया है। साथ ही आज का दिन कम मेहनत में ज्यादा फल दिलाने वाला रहेगा। दांपत्य जीवन में सौहार्द्र बना रहेगा, जीवनसाथी के साथ रिश्ता मजबूत बनेगा।

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस

# समूह की चार स्वच्छता सखियों ने बदल दी ग्राम पंचायत की तस्वीर

महिलाओं ने यह सिद्ध कर दिया है कि यदि मन में दृढ़ संकल्प हो, एकता हो और समाज के लिए कुछ करने की भावना हो, तो सकारात्मक परिवर्तन अवश्य लाया जा सकता है। आज कोरिया जिले के अंजनि, हीरा मनी, लीलावती और मित्तल अपने गाँव में स्वच्छता की एक मिसाल बन चुकी हैं और अन्य महिलाओं के लिए भी प्रेरणा का स्रोत हैं। इनका यह कार्य स्वच्छ भारत मिशन के उद्देश्यों को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उनकी मेहनत यह संदेश देती है कि संकल्प, सहयोग और निरंतर प्रयास से गाँव को स्वच्छ और सुंदर बनाया जा सकता है।

**समूह की चार स्वच्छता सखियों ने बदल दी ग्राम पंचायत की तस्वीर**-कोरिया जिले में जनपद बैकुंठपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत बुडार की चार महिलाएँ अपने अथक समर्पण, मेहनत और एकजुटता के कारण पूरे क्षेत्र के लिए प्रेरणा बन चुकी हैं। ग्राम पंचायत में रहने वाली श्रीमती अंजनि, हीरा मनी, लीलावती और मित्तल ने ग्राम पंचायत में प्रेरणा का एक नया माहौल बनाया है। ये महिलाएँ पिछले लगभग तीन वर्षों से स्वच्छता दीदी के रूप में लगातार कार्य कर रही हैं और गाँव को स्वच्छ एवं स्वस्थ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।

**सप्ताह में दो बार करती हैं कचरा कलेक्शन**-स्वच्छता दीदी बनकर ये महिलाएँ सप्ताह में दो दिन बुधवार और शनिवार को गाँव के घर-घर जाकर कचरा संग्रहण का कार्य करती हैं तथा ग्रामीणों को स्वच्छता के महत्व के बारे में जागरूक करती हैं। वे लोगों को समझाती हैं कि गीला और सूखा कचरा अलग-अलग रखने से गाँव स्वच्छ रहता है और कचरे का सही प्रबंधन संभव होता है। **चुनौती से मानक तक का सफर**-कार्य के प्रारंभिक दिनों में इन्हें कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा। गाँव के बहुत से लोग कचरा अलग-अलग देने के लिए तैयार नहीं थे और स्वच्छता के प्रति जागरूकता भी कम थी। लेकिन इन महिलाओं ने धैर्य, मेहनत और निरंतर प्रयास से घर-घर जाकर लोगों को समझाया। धीरे-धीरे ग्रामीणों की सोच में सकारात्मक बदलाव आया और अब गाँव के प्रत्येक रहवासी नियमित रूप से कचरा देने लगे हैं। जिससे गांव में स्वच्छता का माहौल बना है।





**छोटे-छोटे प्रयास बड़े परिणाम**-श्रीमती अंजनि, हीरा मनी, लीलावती और मित्तल ने बताया कि प्रशासन के सहयोग से उन्हें कबाड़ी का काम करने वाले व्यवसायी से भी जोड़ा गया, जिससे वे सूखे कचरे जैसे प्लास्टिक, कागज और अन्य पुनर्चक्रण योग्य सामग्री को बेचकर अतिरिक्त आय प्राप्त कर रही हैं। इस कार्य से प्रत्येक महिला को लगभग 2 से 3 हजार रुपए प्रति माह की आय प्राप्त होती है। अब तक ये चारों महिलाएँ मिलकर लगभग 2.5 लाख से अधिक की आय अर्जित कर चुकी हैं, जिससे उनके परिवारों की आर्थिक स्थिति में सुधार हुआ है और उनमें आत्मनिर्भरता की भावना भी बढ़ी है। इन महिलाओं की सबसे बड़ी ताकत उनकी आपसी एकता और संगठन है, जिसके कारण वे मिल-जुलकर अपने कार्य को सफलतापूर्वक आगे बढ़ा रही हैं।

**अब ई-रिक्शा से ले रही हैं काम**-इनके लगातार प्रयासों और उत्कृष्ट कार्यों को देखते हुए मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय द्वारा इन महिलाओं को एक ई-रिक्शा भी प्रदान किया गया है, जिससे उन्हें कचरा संग्रहण के कार्य में काफी सुविधा मिल रही है। इस ई-रिक्शा के माध्यम से अब वे आसानी से घर-घर से कचरा एकत्र कर पाती हैं.

## सू- दोकू क्र. 336

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | | | 7 | |
| 9 | | | | 6 | | 3 | | 8 |
| | 7 | | 9 | | 5 | | 6 | |
| | | | | | | 1 | | 9 |
| 3 | | 8 | | 7 | | | 5 | |
| | 1 | | 3 | | 9 | | | 7 |
| | | 2 | | 8 | | 7 | | |
| | 8 | | | | 2 | | 4 | 3 |
| | | | 1 | | | | | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

### सू-दोकू क्र.335 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

## शब्द सामर्थ्य -336

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं :**
1. पानी, नीर, अंबु 2. आना-जाना, आवागमन 5. बहुत, बढ़िया 6. दूर रहने वाला (घटना) जो वर्तमान में न घट सके 8. अबोध, नासमझ, अनाड़ी 10. सब्जी, शाक 11. निशान, उद्देश्य, अनुमान योग्य वस्तु 12. नाखून 13. द्रव पदार्थ 15. सूनसान, जनविहीन स्थान 16. चटकीला, चमकीला, चटपटा, गँरिया 18. भगवान, खुदा 19. इन दिनों, वर्तमान दिनों में 20. अग्नि, पावक 21. अन्नकण, अनाज का टुकड़ा 22. टालमटोल, बहाने बाजी 24. भैया की पत्नी 25. पांच से छोटी एक विषम संख्या 26. हत्या, कत्ल.

**ऊपर से नीचे**
1. दुनिया, संसार, ठोस रूप में परिवर्तित करना 2. चमक, पानी 3. बाजीगर, जादू का खेल दिखाने वाला 4. एक पंजाबी प्रेमगीत, रांझा की प्रेमिका 5. मार-काट, खून-कत्ल 7. भूमि, जमीन, भू-भाग 9. बहुत बड़ा दानी, 10. संगीत के सुरों की संख्या 14. लचीला, लोचयुक्त 17. खिसकना, अपने स्थान से हटना, विचलित होना 19. प्रवेश करना, पधारना, आना 20. धूप-दीप से पूजा 22. इसी समय 23. गुस्सा, कहर.

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | ■ | 2 | | 3 | 4 | ■ | ■ |
| | ■ | 5 | | ■ | 6 | | 7 | ■ |
| 8 | 9 | | ■ | 10 | | ■ | 11 | |
| ■ | 12 | | ■ | 13 | | 14 | ■ | ■ |
| ■ | 15 | | | ■ | ■ | 16 | 17 | |
| ■ | 18 | | ■ | 19 | | | | ■ |
| ■ | ■ | ■ | 20 | | ■ | 21 | | ■ |
| ■ | 22 | | | | | ■ | 23 | |
| 24 | | ■ | 25 | | ■ | ■ | 26 | |

### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 335 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स्वा | द | ■ | सा | म | ना | ■ | कै | दी |
| व | ■ | ख | ल | ना | य | क | ■ | वा |
| लं | प | ट | ■ | ना | क | क | ट | ना |
| बी | ■ | प | ■ | ■ | ■ | ड़ी | ■ | प |
| ■ | अ | ट | प | टा | ■ | ■ | शा | न |
| स | ह | ■ | यो | ■ | ■ | र | ति | ■ |
| ह | म | ■ | द | र | ब | द | र | ■ |
| म | क | र | ■ | सी | ल | ■ | ■ | ■ |
| त | ■ | क्षा | ■ | द | वा | खा | ना | ■ |

## एक नजर

### ग्रामीण हितग्राहियों को आत्मनिर्भर बनाने आजीविका डबरी निर्माण शुरू



**जगदलपुर, 8 मार्च। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** बस्तर जिले के जनपद पंचायत लोहण्डीगुडा के ग्राम पंचायत करेकोट निवासी पीलाराम साहित अन्य ग्रामीण हितग्राहियों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में व्यक्तिगत आजीविका डबरी निर्माण कार्य प्रारंभ किया गया है। यह कार्य विशेष रूप से हितग्राहियों को स्थायी आजीविका से जोड़ने के उद्देश्य से किया जा रहा है। इस आजीविका डबरी के माध्यम से हितग्राही मछली पालन, साग-सब्जी उत्पादन, पशुपालन एवं अन्य कृषि आधारित गतिविधियों को अपनाकर अपनी आय में वृद्धि कर सकेंगे ।

### कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने हत्या के विरोध में गंज थाना के समक्ष किया प्रदर्शन



**रायपुर 8 मार्च।** हर जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर अध्यक्ष श्रीकुमार शंकर मेनन जी के नेतृत्व में आज कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने गंज थाना के समक्ष जोरदार प्रदर्शन किया कांग्रेस कार्यकर्ता गंज थाना से 400 मीटर के दूरी अंतर्गत युवक राजा साहू की हत्या की घटना के विरोध में प्रदर्शन कार्यक्रम के दौरान गृहमंत्री विजय शर्मा से इस्तीफे की मांग की गई जिन्होंने 2 साल से ज्यादा समय के अपने कार्यकाल में रायपुर की बदहाल कानून व्यवस्था को लेकर एक भी शासकीय बैठक अभी तक आयोजित नहीं किया जिससे उनके रायपुर राजधानी के प्रति उदासीन रवैया को साफ दर्शाता है। रायपुर मे पिछले 2 साल में चाकूबाजी, बलात्कार, मर्डर, लूटपाट, की घटनाओं में बेतहाशा वृद्धि हुई है। आम आदमी के परिवारों के महिलाओ, युवतियों, का सड़क पर निकलना कठिन हो गया है। शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष ने पुलिस पेट्रोलिंग को बढ़ाने अवैध शराब, सट्टा, सूखे नशे के बढ़ते कारोबार के लिए भाजपा नेताओं के संरक्षण को कारण बताया है। कल दुर्ग में भाजपा नेता विनय ताम्रकार के द्वारा खेती की गई 1 करोड़ की अफीम नवीनतम उदाहरण है सभी नशे के कारोबार में भाजपा के बड़े नेताओं का संरक्षण प्राप्त है। पूर्व विधायक कुलदीप जुनेजा ने थानों में स्टाफबढ़ाने की मांग की है एवं सड़कों पर गश्त बढ़ाने तथा अतिरिक्त चौकी चुनाभट्ठी में खोलने की मांग की है। पूर्व महापौर प्रमोद दुबे ने कमीशनरेट प्रणाली के लिए संसाधन जुटाने एवं जुआ सट्टा बेटिंग एप में राजनीतिक एवं प्रशासनिक संरक्षण को जिम्मेदार बताया है।

# तेलंगाना में 130 माओवादियों ने हथियार समेत किया समर्पण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर 8 मार्च।** तेलंगाना में माओवादी संगठन को एक बड़ा झटका लगा है। राज्य के मुख्यमंत्री के सामने बड़ी संख्या में माओवादी कैडरों ने समर्पण कर दिया। जानकारी के मुताबिक अलग-अलग स्तर के कुल 130 माओवादियों ने आत्मसमर्पण किया है। इनमें संगठन के 3 स्टेट कमेटी मेंबर, 1 रीजनल कमेटी मेंबर, 10 डिवीजनल/डीवाईसीएम स्तर के कैडर, 40 एरिया कमेटी मेंबर और करीब 70 पार्टी मेंबर शामिल बताए जा रहे हैं। समर्पण के दौरान माओवादियों ने सुरक्षा एजेंसियों के सामने भारी मात्रा में हथियार और युद्ध सामग्री भी सौंप दी।आत्म समर्पण करने वाले माओवादियों के ऊपर 4 करोड़ 18 लाख 20 हजार रुपए का इनाम घोषित है




बस्तर मूल के कई माओवादी शामिल

आत्म समर्पण में बड़ी संख्या में बस्तर मूल के माओवादी शामिल हैं. PLG बटालियन में सक्रिय 42, तेलंगाना स्टेट कमेटी में सक्रिय 30, दंडकारण्य स्पेशल जोनल कमेटी से जुड़े 32, 2ठ्ठस्र सीआरसी के 16 और केंद्रीय समिति सदस्य देवजी की टीम से जुड़े 10 माओवादियों ने हिंसा का रास्ता छोड़ा है.

**130 माओवादियों पर 4.18 करोड़ रुपए का था इनाम**

इन माओवादियों के ऊपर 4 करोड़ 18 लाख 20 हजार रुपए का ईनाम घोषित है. आत्मसमर्पण के दौरान माओवादियों ने सुरक्षा एजेंसियों के सामने भारी मात्रा में हथियार और युद्ध सामग्री भी सौंप दी. बरामद हथियारों में 1 इंसास एलएमजी, 21 ाय-47, 21 इंसास रायफल, 20 एसएलआर, 18 .303 रायफल, 1 नौ एमएम कार्बाइन, 2 नौ एमएम पिस्टल, 2 आठ एमएम बोल्ट-एक्शन रायफल, 18 कंट्री मेड गन और 2 बीजीएल शामिल हैं.

सुरक्षा बलों के लगातार दबाव और सरकार की पुनर्वास नीति के चलते माओवादी कैडरों ने मुख्यधारा में लौटने का फैसला किया है. बड़ी संख्या में हुए इस सामूहिक समर्पण को सुरक्षा एजेंसियां माओवादी संगठन के लिए एक बड़ा झटका मान रही हैं. सरकार का कहना है कि जो भी उग्रवादी हिंसा का रास्ता छोड़कर समाज की मुख्यधारा में लौटना चाहते हैं, उनके लिए पुनर्वास और नई शुरुआत के सभी रास्ते खुले हैं।

### दुकानों की दीवार तोड़ी जा रही थी नपाध्यक्ष की अनुमति से

# शिकायत पर सीएमओ ने रुकवाई कार्रवाई और कुम्हारों को नोटिस देने की तैयारी की जा रही

■ बिना अनुमति दीवार तोड़ने पर कुम्हारों को भेजा जाएगा नोटिस

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**दंतेवाड़ा 8 मार्च।** पुराने जनपद कार्यालय के समीप बने तीन शासकीय दुकानों पर नपा उपाध्यक्ष द्वारा किसी अन्य को कब्जा करवाया जा रहा था जिसकी शिकायत नगर पालिका सीएमओ को की गई। मौके पर पहुंच सीएमओ ने जांच पड़ताल कर बिना अनुमति दुकानों की दीवार तोड़ने के मामले में अब लीजधारी कुम्हार को नोटिस जारी करने की तैयारी चल रही है। नपा उपाध्यक्ष की सहमती से तोड़ी जा रही दीवार के सवाल पर सीएमओ ने चुप्पी साध ली और अपने उपाध्यक्ष का बचाव करते नजर आए।

पूरा मामला इस प्रकार है कि नगर के वार्ड क्रमांक 1 पातररास रोड, पुराने जनपद पंचायत कार्यालय के पास आज से 5 वर्ष पूर्व कलेक्टर ने कुम्हारों के लिए 3 पक्के दुकानों का निर्माण करवाया था। कुछ महिनों तक तो इस काम्पलेक्स में कुम्हार अपने मिटी के सामान बनाकर लाकर यहां बैठकर बेचते थे वहीं बीते कई सालों से ये तीनों दुकाने खाली पड़ी है। दुकानें कुम्हारों के नाम पर स्वीकृत है। इसी तीनों दुकानों के शटर का ताला खोलकर आकाश विश्वास नाम के युवक द्वारा दीवारों को तोड़फोड़कर उसे हॉल में तब्दील किया जा रहा था। जिसकी शिकायत कुछ लोगों ने सीएमओ नगर पालिका श्री पालदास को की। मौके पर पहुंच सीएमओ ने जांच पड़ताल किया तो पाया कि कुम्हार जिनके नाम पर ये दुकानें हैं उनसे बात कर उनकी सहमती से युवक द्वारा दुकानों को किराए पर लेकर दुकानों की बीच की दीवारें तोड़कर उसे हालनुमा बना रहा था ताकि वो अपना व्यवसाय यहां कर सके। सीएमओ पालदास ने जांच में पाया कि दुकान भले ही लीजधारी से बातचीत कर युवक आकाश ने ली हो मगर ये दुकान शासकीय है लिहाजा बिना अनुमति के इस दुकान में तोडफोड करना अनुचित एवं गैर कानुनी है। इस लिहाज से सीएमओ ने इस पर कारवाई करने एवं सबंधित को नोटिस जारी करने की बात कही है। ईधर कुम्हारों से किराए पर दुकान लेने वाला युवक आकाश से बातचीज कर पुछा गया तो उसने कहा कि वे अपनी मर्जी से नहीं बल्कि दुकानों की दीवार को नगर पालिका उपाध्यक्ष कैलाश मिश्रा के कहने पर तोड़ा है। अब बड़ा सवाल यहां यह कि क्या शासकीय दुकानों में तोड़फोड़ करने की अनुमति देने का पावर नपा उपाध्यक्ष एवं किसी भी जनप्रतिनिधि को है या? अगर नहीं तो इस कृत्य के लिए नपा उपाध्यक्ष कैलाश मिश्रा पर भी कारवाई होनी चाहिए। सीएमओ श्री पालदास को निष्पक्ष होकर अपने उपाध्यक्ष के खिलाफ भी नोटिस जारी करना चाहिए और इसकी भरपाई भी उन्हीं से लेनी चाहिए। बता दें कि कैलाश मिश्रा जब से नपा में उपाध्यक्ष बनें हैं तब से उनके द्वारा एक के बाद एक गैर कानुनी एवं तानाशाही रवैया अख्तियार करते हुए कई असंवैधानिक कृत्य को अंजाम दिया गया है। जिसको लेकर पालिका परिषद की काफी बदनामी हो चुकी है बावजूद वे सुधरने को तैयार नहीं दिख रहे।

### इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक में केक काटकर मनाया गया अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कोंडागांव, 8 मार्च।** उपडाकघर कोंडागांव में शनिवार को इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक के शाखा प्रबंधक प्रीतम कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर महिला कर्मचारियों द्वारा केक काटकर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। कार्यक्रम के दौरान उपसंभागीय निरीक्षक श्री आर. एस. मिश्रा एवं प्रीतम कुमार गुप्ता शाखा प्रबंधक द्वारा महिला कर्मचारियों को डायरी एवं उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया। अधिकारियों ने इस अवसर पर महिलाओं की समाज और कार्यक्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका की सराहना करते हुए सभी महिला कर्मचारियों को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित कर्मचारियों ने भी महिला सशक्तिकरण के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में मुख्य रूप से नम्रता बंधैया, मेघा ठाकुर, मुस्कान पटेल, पूजा सोरी, रोशनी पटेल, एसएल गोटी पोस्टमास्टर, सतेंद्र साव उपडाकपाल कोंडागांव नाका, नईम खान, डिकेश मिर्झा, दयाराम ध्रुव, अजय पांडे, गीतेश्वर राव, गुगुलोथ सतीश, रघुचन्द नेताम सहित डाकघर के कर्मचारीगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का माहौल उत्साहपूर्ण एवं प्रेरणादायक रहा।

### महिलाओं का सशक्तिकरण राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता: लक्ष्मी राजवाड़े



**रायपुर, 08 मार्च।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या पर रायपुर प्रेस क्लब में ङ्खह्र मन उत्सव 2026 के अंतर्गत मीडिया महिला शक्ति संगम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में महिला पत्रकार शामिल हुईं। कार्यक्रम में कलमकार नारी थीम के तहत महिला पत्रकारों के लिए विभिन्न प्रेरक और मनोरंजक गतिविधियों का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े, राज्यसभा सदस्य लक्ष्मी वर्मा और फूलो देवी नेताम, रायपुर की महापौर श्रीमती मीनल चौबे, जनता कांग्रेस जोगी की नेत्री रेणु जोगी तथा एएसपी अर्चना झा विशेष रूप से उपस्थित रहीं। सभी अतिथियों ने महिला पत्रकारों को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं देते हुए पत्रकारिता के क्षेत्र में उनके योगदान की सराहना की।

मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने अपने संबोधन में कहा कि महिलाओं का सशक्तिकरण राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है और महिलाओं को सामाजिक, आर्थिक व शैक्षणिक रूप से सशक्त बनाने के लिए विभाग लगातार कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि पत्रकारिता के क्षेत्र में महिला पत्रकार समाज के महत्वपूर्ण मुद्दों को सामने लाकर सकारात्मक बदलाव लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।

राज्यसभा सदस्य लक्ष्मी वर्मा ने कहा कि महिला पत्रकार समाज की आवाज को मजबूती से सामने लाने का काम कर रही हैं और ऐसे आयोजन महिलाओं को प्रेरणा देने के साथ उनके आत्मविश्वास को भी बढ़ाते हैं। राज्यसभा सदस्य फूलो देवी नेताम ने कहा कि मीडिया में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी समाज में जागरूकता और संवेदनशीलता को मजबूत बनाती है।

रायपुर की महापौर मीनल चौबे ने कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बना रही हैं और पत्रकारिता में उनका योगदान शहर और समाज के विकास की दिशा तय करने में अहम है। जनता कांग्रेस जोगी की नेत्री रेणु जोगी ने महिला पत्रकारों की सक्रियता की सराहना करते हुए कहा कि लोकतंत्र को मजबूत बनाने में महिला पत्रकारों की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। वहीं एएसपी अर्चना झा ने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान समाज की साझा जिम्मेदारी है और मीडिया इस दिशा में अहम भूमिका निभा सकता है।

कार्यक्रम के दौरान मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने रायपुर प्रेस क्लब द्वारा आयोजित खेल मड़ई के अंतर्गत महिला पत्रकारों के बीच आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता का उल्लेख करते हुए विजेता और उपविजेता टीमों को 21-21 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की। इस अवसर पर उन्होंने महिला पत्रकारों के लिए बनाए गए नवनिर्मित 'पिंक रूम' का उद्घाटन भी किया और इसे महिला पत्रकारों के लिए बेहतर कार्य वातावरण की दिशा में सराहनीय पहल बताया। कार्यक्रम के दौरान प्रश्नोत्तरी, डांस प्रतियोगिता और टैलेंट कॉन्टेस्ट जैसे आयोजन भी किए गए। डीजे की धुन पर महिला पत्रकार अतिथियों के साथ थिरकती नजर आईं। महिलाओं से जुड़े लोकप्रिय गीतों पर माहौल उत्साह और उल्लास से भर गया, जहां महिला पत्रकार खुद को नाचने-गाने से रोक नहीं पाईं और पूरे उत्साह के साथ कार्यक्रम का आनंद लिया। कार्यक्रम में आयोजित, प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों में ज्योति ठाकुर, आकांक्षा दुबे, आकांक्षा शर्मा, विनीत मंडल, रेखा, वर्षा यादव और मोनिका को पुरस्कृत किया गया। सभी प्रतिभागियों को प्रेस क्लब द्वारा क्राउन पहनकर सम्मानित किया गया।

# पूरे देश में सवा करोड़ दादा गुरुदेव भक्तों ने इक्तिसा जाप कर विश्व को शान्ति का सन्देश दिया

**रायपुर 8 मार्च।** विश्व में भीषण युद्ध के मध्य देश के सवा करोड़ दादागुरुदेव भक्तों ने इक्तिसा जाप कर विश्व को शान्ति का सन्देश दिया । खरतरगच्छाधिपति श्री जिनमणिप्रभ सूरीश्वर जी ने विश्व के नेताओं से अपील की कि भगवान महावीर के अहिंसा व जियो और जीने दो के मार्ग पर चलें । अहिंसा , सहिष्णुता , करुणा व जियो और जीने दो के रास्ते पर चलकर ही विश्व में शान्ति का वातावरण निर्मित हो सकता है । श्री सीमंधर स्वामी जैन मंदिर व दादाबाड़ी ट्रस्ट के अध्यक्ष संतोष बैद व महासचिव महेन्द्र कोचर ने बताया कि श्री जिनदत्त सूरि त्रिदिवसीय चादर महोत्सव के अवसर पर पूरे भारतवर्ष में सामुहिक दादागुरुदेव इक्तिसा जाप रखा गया था । आज चमत्कारी श्री जिनकुशल सूरि जैन दादाबाड़ी भैरव सोसायटी में भी सैकड़ों भक्तों ने संगीतमय इक्तिसा जाप किया गया । इक्तिसा जाप व गुरुप्रसादी के लाभार्थी श्री तिलोकचंद शांतिलाल अशोक कुमार बरड़िया , श्रीमती पानी बाई आसकरण भंसाली ( कल्पवृक्ष ) परिवार , रायपुर , श्री अशोक जी पुष्पा देवी , प्रशांत रीनू रायना रचित कोचर , एम आर कालोनी रायपुर , श्रीमती वर्तिका वर्धमान वैभव चोपड़ा वालफोर्ट , स्व . पांचीलाल जी पारख की पुण्य स्मृति में श्रीमती सरस देवी - राजेन्द्र जी नरेन्द्र जी वीरेन्द्र जी पारख परिवार , रायपुर , श्री रिखब जी संखलेचा की स्मृति में दिलीप कुमार धैर्य कुमार संखलेचा अरिहंत हाइट्स फेस 2 , श्रीमति भंवरीदेवी करनमल जी घीया परिवार थे । 8 मार्च को प्रातः छत्तीसगढ़ के आध्यत्म योगी पूज्य उपाध्याय श्री महेन्द्र सागर जी का आचार्य पदारोहण होगा । साथ ही भक्तों द्वारा चमत्कारी चादर चोलपट्टा व मुहपत्ती का वासक्षेप पूजन होगा ।अभिषेक जल व पूजित वासक्षेप का श्रद्धालुओं में वितरण किया जावेगा । इक्तिसा जाप में निर्वाणा ग्रुप व खरतरगच्छ महिला परिषद की भक्तों ने भाग लिया । इक्तिसा जाप में अध्यक्ष संतोष बैद महासचिव महेन्द्र कोचर ट्रस्टी नीलेश गोलछा , राजेश सिंघी , जय सांखला , डॉ योगेश बंगानी ने विशेष भूमिका निभाई ।



### जीके इलेक्ट्रिक और लोक सुविधा के बीच रणनीतिक साझेदारी पर हस्ताक्षर

**रायपुर 8 मार्च।** भारत की अग्रणी थ्री-व्हीलर ई-व्हीकल निर्माता कंपनी जीके इलेक्ट्रिक ने अपने ई-पैसेंजर एवं ई-कार्गो वाहनों के लिए फाइनेंसिंग सुविधा को सशक्त बनाने हेतु लोक सुविधा के साथ एक रणनीतिक साझेदारी पर हस्ताक्षर किए हैं। इस सहयोग के तहत लोक सुविधा, जीके इलेक्ट्रिक के ग्राहकों को सरल और पारदर्शी फाइनेंस समाधान प्रदान करेगी, जिससे अधिक से अधिक ग्राहक और उद्यमी ई-मोबिलिटी को अपनाने में सक्षम हो सकेंगे।साइनिंग समारोह के अवसर पर जीके इलेक्ट्रिक के डायरेक्टर श्री अमर परवानी, डायरेक्टर श्री पुनीत परवानी एवं जीके इलेक्ट्रिक की टीम उपस्थित रही। हमारा लक्ष्य भारत के हर कोने तक किफायती और विश्वसनीय ई-मोबिलिटी समाधान पहुँचाना है। इस टाई-अप से अधिक से अधिक ग्राहकों तक हमारे पैसेंजर और कार्गो थ्री-व्हीलर उपलब्ध कराए जा सकेंगे। यह साझेदारी इलेक्ट्रिक थ्री-व्हीलर क्षेत्र में फाइनेंस सुविधा को मजबूत करेगी और छोटे व्यापारियों व नए उद्यमियों के लिए वाहन खरीदना आसान बनाएगी।



### शिव सरोवर में महिला दिवस पर 'वंदे मातरम स्वर्णिम भारत' थीम पर भव्य आयोजन

# विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट सेवा देने वाली महिलाओं का किया सम्मान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**धमतरी 8 मार्च।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के शिव सरोवर, वंदना विहार कॉलोनी में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन आध्यात्मिकता, देशभक्ति और उमंग-उल्लास के साथ भव्य रूप से संपन्न हुआ। इस वर्ष कार्यक्रम का आयोजन ÷वंदे मातरम स्वर्णिम भारत÷ थीम पर किया गया, जो वंदे मातरम की रचना के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में पूरे देश में आयोजित किए जा रहे समारोहों का हिस्सा है।

कार्यक्रम की शुरुआत परमपिता परमात्मा की स्मृति के साथ की गई। ब्रह्माकुमारी बहनों द्वारा अतिथियों का तिलक, बैच, पुष्प एवं आध्यात्मिक पट्टा पहनाकर स्वागत किया गया। इसके बाद विशेष दीप प्रज्वलन कार्यक्रम के माध्यम से महिला दिवस के इस पावन आयोजन का औपचारिक शुभारंभ हुआ।

कार्यक्रम में पूर्व विधायक श्रीमती रंजना दीपेंद्र साहू, जिला अध्यक्ष कांग्रेस श्रीमती तारिणी चंद्राकर, नगर पालिक निगम धमतरी की आयुक्त श्रीमती प्रिया अनुराग गोयल, सभापति श्रीमती कौशल्या देवांगन, पूर्व डिस्ट्रिक्ट चेयरमेन इनरव्हील क्लब श्रीमती जागृति दोशी, समाजसेविका श्रीमती प्रभा रावत, महिला समाज की अध्यक्ष श्रीमती हेमलता हिशीकर, शहर क्षमता मंच की अध्यक्ष श्रीमती श्रद्धा कश्यप, लेडिस क्लब की अध्यक्ष श्रीमती काजल सिन्हा, डीएसपी श्रीमती मोनिका मरावी और डीएसपी श्रीमती मीना साहू सहित अनेक विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहे।

समाज की विभिन्न महिला प्रतिनिधियों ने किया दीप प्रज्वलन

इस अवसर पर नगर के विभिन्न समाजों और संगठनों की महिला प्रतिनिधियों ने दीप प्रज्वलित कर आयोजन की गरिमा को बढ़ाया। इनमें संगीता गोलछा (जैन महिला मंडल), संतोष मिनी (नवकार महिला मंडल), अंकिता मिश्रा व प्रभा मिश्रा (ब्राह्मण महिला मंडल), सूर्य प्रभा चेटियार, अनीता खरिया (गहोई वैश्य महिला मंडल), श्यामा पटेल (पटेल समाज), पद्मिनी चंद्राकर (सर्व समाज), ईश्वरी पटवा (पटवा समाज), डाली सोनी (सोनी समाज), प्रगति गोस्वामी (कसौधन वैश्य गुप्ता महिला मंडल), चंद्रभागा साहू, त्रिवेणी साहू (साहू समाज), अनीता यादव व रितिका यादव (यादव समाज), कनक शाह (गुजराती महिला मंडल), राधिका गांधी (महेश्वरी महिला मंडल), उषा कौशिक (सेन समाज), संगीता निषाद (निषाद समाज), प्राप्ति वासानी (रेड क्रॉस सोसाइटी), प्रिया पंजवानी (सिंधी महिला मंडल), स्वाति बल्लाल (महाराष्ट्र महिला मंडल), नीता रनसिंह (मराठा महिला मंडल) तथा प्रभा श्रीवास्तव (कायस्थ महिला मंडल) प्रमुख रूप से शामिल रहीं।

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण नगर की उन महिलाओं का सम्मान रहा, जिन्होंने अपने-अपने क्षेत्र में समर्पण, निष्ठा और सेवा भाव के साथ उल्लेखनीय कार्य किया है। सम्मानित महिलाओं में गोपी काररा, सुशीला तिवारी, डॉ. आराधना गुप्ता, डॉ. रूपिका अग्रवाल, मीना बैगा, नीरू नंदा, शशि त्यागी, बबीता कश्यप, यशोदा सोनकर, ममता खालसा और नम्रता पाठक शामिल रहीं। इन महिलाओं के योगदान का उल्लेख होते ही पूरा सभागार तालियों से गूंज उठा।

अतिथियों ने अपने उद्बोधन में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं देते हुए नारी के प्राचीन काल से लेकर वर्तमान तक के गौरवशाली योगदान को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि आज के समय में नारी सशक्तिकरण, भारतीय संस्कृति के संरक्षण, अनुशासन और स्वच्छता जैसे मूल्यों को अपनाकर समाज को नई दिशा दी जा सकती है। अतिथियों ने महिलाओं से मानवता की सेवा में आगे आने का आह्वान भी किया। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय धमतरी की संचालिका ब्रह्माकुमारी सरिता बहन ने अपने उद्बोधन में कहा कि माता परिवार, समाज और विश्व की धुरी होती है। आज बच्चों को उच्च शिक्षा तो मिल रही है, लेकिन श्रेष्ठ संस्कारों के अभाव में समाज में अपराध और व्यसन जैसी समस्याएं बढ़ रही हैं। उन्होंने कहा कि माताओं को पश्चिमी सभ्यता के अंधानुकरण से बचते हुए भारतीय संस्कृति और आध्यात्मिकता को अपनाना चाहिए तथा बच्चों को भी इसी दिशा में प्रेरित करना चाहिए।

### रायगढ़ जिले में 3 लाख से अधिक महिलाएं लाभान्वित

# महतारी वंदन योजना से बढ़ रहा महिलाओं का आत्मविश्वास

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 8 मार्च।** छत्तीसगढ़ सरकार की महत्वाकांक्षी महतारी वंदन योजना रायगढ़ जिले की लाखों महिलाओं के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला रही है। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में संचालित इस योजना के तहत हर महीने मिलने वाली एक हजार रुपये की सहायता राशि महिलाओं के लिए आर्थिक संबल बन रही है और उन्हें आत्मनिर्भर बनने की दिशा में आगे बढ़ा रही है। जिले में इस योजना से 3 लाख से अधिक महिलाएं लाभान्वित हो रही हैं। फरवरी 2026 तक इन महिलाओं के खातों में 24 किश्तों के माध्यम से 663 करोड़ 96 लाख 91 हजार 400 रुपये की राशि सीधे अंतरित की जा चुकी है।





महतारी वंदन योजना के माध्यम से मिलने वाली राशि से महिलाएं घर की दैनिक जरूरतों को पूरा करने के साथ-साथ छोटी-छोटी बचत भी कर पा रही हैं। कई महिलाएं इस राशि का उपयोग बच्चों की पढ़ाई, दवाइयों और अन्य जरूरी खर्चों के लिए कर रही हैं, जिससे परिवार को आर्थिक सहारा मिल रहा है। योजना से लाभान्वित महिलाओं का कहना है कि नियमित रूप से मिलने वाली राशि से उनका आत्मविश्वास बढ़ा है और अब वे अपनी जरूरतों के लिए पूरी तरह दूसरों पर निर्भर नहीं रहतीं। कई महिलाएं इस राशि को बीज पूंजी के रूप में उपयोग कर छोटे-छोटे स्वरोजगार भी शुरू कर रही हैं। सिलाई-कढ़ाई, किराना दुकान, सब्जी बिक्री और हस्तशिल्प जैसे कार्यों से जुड़कर वे अतिरिक्त आय अर्जित कर रही हैं।

राज्य सरकार की इस पहल से महिलाओं के आत्मविश्वास में वृद्धि हुई है और वे परिवार की आर्थिक जिम्मेदारियों में भी सक्रिय भागीदारी निभा रही हैं। महतारी वंदन योजना महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में एक मजबूत आधार बन रही है, जिससे सशक्त महिला, सशक्त परिवार और सशक्त समाज की अवधारणा को बल मिल रहा है। महिला दिवस के अवसर पर जिले की महिलाओं ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए शुरू की गई यह योजना उनके लिए किसी वरदान से कम नहीं है।

## सिटीजन पोर्टल को ब्लॉक कर अपराध छुपाने का काम कर रही सरकार: विनोद चंद्राकर

**महासमुंद,8 मार्च।** पूर्व संसदीय सचिव छ.ग. शासन व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने प्रदेश में बढ़ रहे अपराधों पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ जैसे शांत राज्य को भाजपा ने अपराध का गढ़ बना दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि छत्तीसगढ़ का गृह विभाग अपराध नियंत्रण में पूरी तरह फेल हो चुकी है। प्रदेश में लूटमार, हत्या, चाकूबाजी, मारपीट, डकैती, अपहरण, अनाचार जैसी घटनाओं में वृद्धि हुई है। इन अपराधों पर अंकुश लगाने के बजाए भाजपा की साय सरकार अपराध छुपाने का काम कर रही है। ऑनलाइन एफआईआर और सिटीजन पोर्टल में जिले वार घटित अपराधों की जानकारी मिल जाती थी, जिसे पिछले डेढ़ महीने से ब्लॉक कर दिया गया है। उपरोक्त दोनों पोर्टलों में अब आनलाइन एफआईआर चेक करने पर वेबसाइट नहीं खुल रहा। जिससे अपराधों की जानकारी के साथ-साथ प्रार्थी पक्ष को एफआईआर की कॉपी के लिए थानों का चक्कर लगाना पड़ रहा है। पहले, ऑनलाइन सुविधा मिलने से एफआईआर की कॉपी प्रार्थी पक्ष को आसानी से मिल जाती थी।पूर्व संसदीय सचिव श्री चंद्राकर ने कहा कि भाजपा राज में कानून व्यवस्था पूरी तरह बदहाल हो चुकी है और छत्तीसगढ़ अब अपराध और नशाखोरी का गढ़ बनता जा रहा है। ड्रग्स, अफीम, गांजा, हीरोइन और अवैध शराब बिना रोक-टोक बिक रही है।

## एक नजर

### भेड़सर का दुष्यंत देश सेवा के लिए दिल्ली रवाना, परिवार के लोगों ने दी विदाई



**अंवरी, 8 मार्च।** मन में देशभक्ति का जज्बा लिए भेड़सर के दुष्यंत साहू पिता यशवंत साहू दादा दाउलाल साहू का चयन बीएसएफ में हुआ जिस आज घर में परिवारजनों ने पूजा अर्चना कर उनके कठिन परिश्रम से प्राप्त देशसेवा उस अवसर को विदाई प्रेषित किया यह पहला अवसर है कि इस गांव से सेना के जवान के रूप में यह चयन हुआ है ग्राम भेड़सर के लिए गर्व का अवसर है जिससे ग्रामवासी अपने आप को गौरवनित किया है इस अवसर पर पूर्व नप अध्यक्ष भरत नहर ,पूर्व जनपद सभापति परमेश्वरी महेंद्र साहू ने भी श्री फल और शाल भेंट कर हार पहनाकर उन्हे उनके उज्जवल भविष्य के लिए बधाई शुभकामनाए देते हुए कहा ऐसा अवसर हर व्यक्ति के भाग्य में नहीं आता देश की सेवा से बड़ा धर्म नही है और हर हिंदुस्तानी के गर्व का विषय है इस अवसर पर गांव के सरपंच डिकेशवरी लोकेश्वर साहू विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### शासकीय विद्यालयों में अहाता, शौचालय एवं मरम्मत के लिए 1.99 करोड़ स्वीकृत

**महासमुंद,8 मार्च ।** कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार जिले के शासकीय विद्यालयों में आवश्यक आधारभूत सुविधाओं के विकास हेतु आहता निर्माण, शौचालय निर्माण, लघु निर्माण एवं मरम्मत कार्य कराए जाएंगे।समय-समय पर जनप्रतिनिधियों द्वारा विभिन्न विद्यालयों में आहता, शौचालय एवं अन्य लघु निर्माण कार्य कराए जाने की मांग की गई थी। उक्त मांगों के परीक्षण के लिए विकासखण्ड शिक्षा अधिकारियों को वास्तविक आवश्यकता एवं औचित्य के आधार पर विद्यालयों का चिन्हांकन करने के निर्देश दिए गए थे। प्राप्त प्रस्तावों के आधार पर चिन्हित शासकीय शाला भवनों में भवन निर्माण, मरम्मत एवं शौचालय निर्माण कार्य कराए जाना आवश्यक पाया गया। इसके लिए कुल 1 करोड़ 99 लाख 7 हजार रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। यह राशि जिला पंचायत महासमुन्द के शिक्षा मद से व्यय की जाएगी। जिला मिशन समन्वयक श्री रेखराज शर्मा ने बताया कि विभिन्न निर्माण कार्यों में महासमुंद विकासखण्ड अंतर्गत 3 शासकीय प्राथमिक शाला एवं एक पूर्व माध्यमिक शाला में कुल 40 लाख 35 हजार रुपए की लागत से कुल 5 अतिरिक्ति कक्ष निर्माण किया जाएगा। इसी तरह बागबाहरा विकासखण्ड अंतर्गत 2 पूर्व माध्यमिक शाला एवं एक प्राथमिक शाला के लिए 45 लाख 92 हजार रुपए की लागत से नवीन भवन निर्माण कराया जाएगा। पिथौरा विकासखण्ड अंतर्गत 2 प्राथमिक शाला भवन में 9 लाख 88 हजार रुपए की लागत से क्रमशः अतिरिक्त कक्ष एवं शौचालय निर्माण कार्य किया जाएगा। वहीं बसना विकासखण्ड अंतर्गत 3 प्राथमिक शालाओं में कुल 7 अतिरिक्त कक्ष निर्माण, एक प्राथमिक शाला एवं 2 हायर सेकेण्डरी स्कूल में कुल 3 शौचालय निर्माण कार्य एवं एक प्राथमिक शाला भवन का मरम्मत कार्य किया जाएगा। जिसकी कुल लागत राशि 69 लाख 92 हजार रुपए है। इसी तरह सरायपाली विकासखण्ड अंतर्गत 2 प्राथमिक शाला एवं एक पूर्व माध्यमिक शाला के लिए 33 लाख रुपए की लागत से 3 नवीन भवन निर्माण कार्य किया जाएगा।

### एकात्म परिसर में फूलों की होली के साथ होली मिलन समारोह उत्साहपूर्वक संपन्न

**रायपुर,8 मार्च।** रंग पंचमी की पूर्व संध्या पर रायपुर उत्तर के विधायक पुरंदर मिश्रा द्वारा जिला कार्यालय एकात्म परिसर, रायपुर में होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। यह आयोजन भाजपा जिला रायपुर के जिलाध्यक्ष श्री रमेश सिंह ठाकुर के नेतृत्व में उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ।कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री आदरणीय श्री विष्णु देव साय मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। वहीं रायपुर सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं हजारों की संख्या में कार्यकर्ता समारोह में शामिल हुए।इस अवसर पर सभी ने फूलों की होली खेलकर एक-दूसरे को शुभकामनाएँ दीं और आपसी प्रेम, भाईचारे तथा सामाजिक समरसता का संदेश दिया। कार्यक्रम का वातावरण रंग-बिरंगे फूलों और उत्साह से सराबोर रहा।कार्यक्रम में प्रमुख रूप से राजेश मूणत, मोती लाल साहू, राजीव लोचन महाराज, उदय सदानी, राजीव अग्रवाल, पंकज झा, केदार नाथ गुप्ता, संदीप शर्मा, लोकेश कावड़िया, अमरजीत छाबड़ा, राजीव सिंह, राजेंद्र शर्मा, सतीश छुगानी, सुभाष अग्रवाल, रोहित द्विवेदी, अनूप खेलकर, अर्पित सूर्यवंशी, कृतिका जैन, अखिलेश कश्यप, पंकज जगत एवं रज्यंत ध्रुव सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## आवास निर्माण में लाएं तेजी, हर सप्ताह होगी प्रगति की समीक्षा : सीईओ

■ जनपद स्तर पर प्रगति नहीं होने पर संबंधित अमले पर होगी कार्रवाई

■ मनरेगा से 90 दिवस मजदूरी व लंबित भुगतान की भी हुई समीक्षा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**रायगढ़, 8 मार्च ।** प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के अंतर्गत जिले में संचालित आवास निर्माण कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा के लिए कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी के निर्देश पर आज जिला पंचायत रायगढ़ के सभाकक्ष में बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत रायगढ़ श्री अभिजीत बबन पठारे द्वारा की गई। उन्होंने जिले के सभी विकासखण्डों के विकासखण्ड समन्वयक एवं फील्ड नोडल अधिकारियों से पंचायतवार आवास निर्माण कार्यों की प्रगति की विस्तारपूर्वक जानकारी ली।

समीक्षा के दौरान सीईओ श्री पठारे ने प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण अंतर्गत जिन हितग्राहियों के आवास अभी तक प्रारंभ नहीं हुए हैं, उन्हें प्राथमिकता के साथ तत्काल प्रारंभ कराने के निर्देश दिए। साथ ही निर्माणाधीन आवासों की प्रगति का सूक्ष्म स्तर पर परीक्षण करते हुए उन्हें तय समय-सीमा के भीतर पूर्ण कराने के लिए कहा। बैठक में वित्तीय वर्ष 2024-26 के अंतर्गत स्वीकृत आवासों को समय पर पूर्ण कराने के लिए कार्य की प्रगति को विभिन्न चरणों में विभाजित कर निगरानी करने की रणनीति बनाई गई। इसके अंतर्गत प्लींथ लेवल से खिड़की लेवल, खिड़की लेवल से डोर लेवल, डोर लेवल से रूफ लेवल तथा रूफ लेवल से पूर्णता लेवल तक कार्य प्रगति सुनिश्चित करने के लिए फील्ड नोडल अधिकारियों को साप्ताहिक लक्ष्य प्रदान किए गए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने क्षेत्र में हितग्राहियों से सतत संपर्क बनाए रखते हुए निर्माण कार्यों की नियमित निगरानी करें, ताकि निर्धारित लक्ष्य समय पर प्राप्त किया जा सके।

सीईओ श्री पठारे ने कहा कि आवास निर्माण कार्यों की प्रगति की साप्ताहिक समीक्षा जिला स्तर पर की जाएगी, जिससे प्रत्येक स्तर पर कार्यों की मॉनिटरिंग प्रभावी ढंग से हो सके। उन्होंने स्पष्ट किया कि योजना के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही या ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के अंतर्गत मनरेगा से हितग्राहियों को 90 दिवस की मजदूरी उपलब्ध कराने की प्रगति तथा लंबित भुगतान की स्थिति की भी समीक्षा की गई। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि पात्र हितग्राहियों को समय पर मजदूरी का भुगतान सुनिश्चित किया जाए तथा लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण किया जाए। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री आवास योजना के अंतर्गत जिले में स्वीकृत अपूर्ण एवं अप्रारंभ आवासों की भी समीक्षा की गई। संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि ऐसे सभी आवासों को शीघ्र पूर्ण कराने के लिए आवश्यक कार्रवाई की जाए और हितग्राहियों को निर्माण कार्य में सक्रिय रूप से प्रेरित किया जाए।बैठक के दौरान अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत रायगढ़ श्री महेश पटेल ने भी आवास निर्माण कार्यों में आ रही विभिन्न समस्याओं एवं चुनौतियों पर चर्चा करते हुए उनके समाधान के संबंध में अधिकारियों को मार्गदर्शन दिया। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की बाधा आने पर तत्काल उच्च अधिकारियों को अवगत कराते हुए उसका निराकरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि यदि किसी जनपद स्तर पर अपेक्षित प्रगति नहीं पाई जाती है तो संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही ऐसे हितग्राहियों के विरुद्ध भी आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए जो आवास निर्माण कार्य में रुचि नहीं ले रहे हैं या अनावश्यक विलंब कर रहे हैं।

बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण जिला टीम के जिला समन्वयक, आवास समन्वयक एवं सहायक अभियंता सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त जनपद पंचायतों से एडीओ, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के उप-अभियंता, सभी विकासखण्ड समन्वयक, तकनीकी सहायक, मनरेगा शाखा के कार्यक्रम अधिकारी तथा जनपद टीम के तकनीकी सहायक भी बैठक में शामिल हुए।

## वनांचल की गायत्री यादव ने लिखी स्वावलंबन की नई इबारत बिहान योजना से संवर रही सैकड़ों महिलाओं की तकदीर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**रायगढ़, 8 मार्च ।** जिले के धरमजयगढ़ विकासखंड के सुदूर वनांचल ग्राम तालगांव की श्रीमती गायत्री यादव आज महिला सशक्तिकरण की एक अच्छी मिसाल बन गई हैं। छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान से जुड़कर उन्होंने न केवल अपनी जिंदगी बदली, बल्कि आसपास की कई पंचायतों की महिलाओं को भी आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया है।

श्रीमती गायत्री यादव बताती हैं कि पहले उनका दायरा घर तक ही सीमित था और वे गांव की अन्य महिलाओं से भी ज्यादा परिचित नहीं थीं। वर्ष 2018 में वे मां अम्बे स्व-सहायता समूह से जुड़ीं। इसके बाद ÷देवी मां÷ ग्राम संगठन और ÷मां संकुल कापू÷ के माध्यम से सक्रिय होकर काम करने लगीं। उनकी सक्रियता और काम को देखते हुए आज वे महिला ब्लॉक संगठन धरमजयगढ़ में एफएलसीआरपी के रूप में कार्य कर रही हैं और आठ पंचायतों की महिलाओं को समूह गतिविधियों व आजीविका से जोड़ने में मार्गदर्शन दे रही हैं। बिहान योजना के तहत मिलने वाले रिवॉल्विंग फंड, सामुदायिक निवेश कोष और बैंक लिंकेज की मदद से महिलाओं को स्वरोजगार के अवसर मिल रहे हैं। तालगांव और आसपास की महिलाएं अब कपड़ा दुकान, सेंट्रिंग प्लेट का व्यवसाय, मत्स्य पालन और खेती जैसे कार्यों से जुड़कर नियमित आय अर्जित कर रही हैं। इससे उनके परिवारों की आर्थिक स्थिति में भी सुधार आया है। श्रीमती गायत्री यादव ने बताया कि शासन की योजनाओं से ग्रामीण महिलाओं को आगे बढ़ने का अवसर मिला है। उन्होंने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इन योजनाओं से वनांचल की महिलाएं भी आत्मनिर्भर बन रही है।

### एनएचएम के संविदा पदों के लिए पात्र-अपात्र सूची जारी

**महासमुंद, 8 मार्च ।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) अंतर्गत कुल 74 संविदा पदों की पूर्ति के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए थे। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि प्राप्त आवेदनों की जांच उपरांत पात्र एवं अपात्र अभ्यर्थियों की सूची तैयार कर ली गई है। इस सूची के संबंध में अभ्यर्थियों से 13 मार्च 2026 तक दावा-आपत्ति आमंत्रित की गई है।अभ्यर्थी निर्धारित अवधि में स्वयं उपस्थित होकर कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला महासमुंद में कार्यालयीन समय पर दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। पात्र एवं अपात्र अभ्यर्थियों की सूची का विवरण महासमुंद जिले की आधिकारिक वेबसाइट www.mahasamund.gov.in तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय के सूचना पटल पर अवलोकन किया जा सकता है।

## कार्यकर्ता प्रेमशीला को दिल्ली में किया गया इंटरनेशनल वूमेंस विजनरी अवार्ड से सम्मानित

**महासमुंद,8 मार्च ।** महासमुंद की सामाजिक कार्यकर्ता श्रीमती प्रेमशीला बघेल को आज देश की राजधानी दिल्ली के वाईएमसीए हॉल में आयोजित कार्यक्रम में इंटरनेशनल ह्यूमन राइट्स एंबेसेडर ऑर्गेनाइजेशन द्वारा ÷इंटरनेशनल विमेंस विजनरी अवार्ड 2026÷ से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें श्रीमती रमादेवी पूर्व सदस्य पैनल ऑफ चेयरपर्सन 17 वीं लोकसभा, राजीव मेनन अभिनेता एवं निर्माता, नुज़रथ जहाँ, अभिनेत्री, मनीष गवई सदस्य, जयलक्ष्मी राव अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष इंटरनेशनल ह्यूमन राइट्स एम्बेसडर ऑर्गेनाइजेशन नई दिल्ली द्वारा महिला एवं बाल सशक्तिकरण, डिजिटल वित्तीय समावेशन और ग्रामीण आजीविका विकास के क्षेत्र में उनके तीन दशकों के उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रदान किया गया।प्रेमशीला पिछले लगभग 30 वर्षों से गरीब, दलित, आदिवासी तथा ग्रामीण-शहरी महिलाओं के उत्थान के लिए कार्य कर रही हैं। उन्होंने वर्ष 1994 में मात्र 300 रुपये मानदेय पर बालवाड़ी शिक्षिका के रूप में अपनी सामाजिक यात्रा शुरू की और अब तक 1,500 स्व-सहायता समूहों का गठन कर 15,000 से अधिक महिलाओं को सशक्त बनाया। उन्होंने 1,000 से अधिक बैंक खाते खुलवाने, 50 लाख रुपये से अधिक माइक्रो-क्रेडिट लिंकिंग कराने तथा 850 महिलाओं को डिजिटल बैंकिंग व मोबाइल लेन-देन का प्रशिक्षण देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।वर्ष 2005 में उन्होंने ÷उन्नयन जन विकास समिति÷ की स्थापना की, जिसके माध्यम से 2,200 से अधिक महिलाओं और युवाओं को साबुन निर्माण, बांस शिल्प, टेराकोटा, हाथकरघा, जैविक खेती एवं अन्य आजीविका कौशलों में प्रशिक्षण दिया गया। उनके प्रयासों से 7,500 से अधिक ग्रामीणों तक जागरूकता अभियान पहुंचा तथा 30 गांवों में बाल विवाह और शराबखोरी जैसी सामाजिक बुराइयों को कम करने में सफलता मिली।डिजिटल सशक्तिकरण के क्षेत्र में उन्होंने नाबार्ड के ई-शक्ति कार्यक्रम के तहत स्व-सहायता समूहों का डिजिटलीकरण कराया और महिलाओं को बुक्कु, डिजिटल ट्रांजेक्शन, बैलेंस जांच तथा मोबाइल रिकॉर्ड कीपिंग का प्रशिक्षण दिया। इसके अलावा महासमुंद रेलवे स्टेशन के पास सस्ती दर में भोजन उपलब्ध कराने महिला कैंटीन मां की रोटी स्थापित कर महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ा गया।श्रीमती बघेल वर्ष 2000 में न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र (ह्) में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व कर महिलाओं की गरीबी और हिंसा से जुड़े मुद्दों को भी अंतरराष्ट्रीय मंच पर उठा चुकी हैं।उन्हें इस वर्ष 2025 में देश के उपराष्ट्रपति सी पी राधाकृष्णन द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य शासन अंतर्गत अलंकरण ÷वीरांगना अवंतीबाई लोधी पुरस्कार÷ से भी सम्मानित किया जा चुका है। इसके अलावा नाबार्ड , मीडिया समूह, जिला प्रशासन तथा विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा भी उन्हें सम्मानित किया गया है। वे वर्तमान में श्रम विभाग अंतर्गत जिला स्तरय टास्क फोर्स समिति की सदस्य भी है।



श्रीमती प्रेमशीला बघेल का महिला दिवस पर संदेश है कि नारी शक्ति जब आत्मविश्वास, शिक्षा और आर्थिक स्वतंत्रता से जुड़ती है, तब समाज में स्थायी परिवर्तन संभव होता है। उनके कार्यों से हजारों महिलाओं में आत्मनिर्भरता, डिजिटल साक्षरता और नेतृत्व की नई चेतना विकसित होती है।

## समाचार संक्षेप

### महतारी वंदन योजना से बेटी के उज्ज्वल भविष्य की ओर कदम



**महासमुंद, 8 मार्च ।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित महतारी वंदन योजना महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में एक सार्थक पहल है। इस योजना का लाभ लेकर ग्राम छिंदपाली की निवासी श्रीमती सिंधुसुता बारीक ने अपनी बेटी कु. ख्याति बारीक के लिए सुरक्षित और उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव रखी है। श्रीमती सिंधुसुता बारीक को मार्च 2024 से महतारी वंदन योजना के तहत अब तक 24,000 रुपये की आर्थिक सहायता प्राप्त हो चुकी है। प्राप्त राशि को उन्होंने खर्च करने के बजाय बचत के रूप में सुरक्षित रखा। अपनी बेटी के भविष्य को ध्यान में रखते हुए उन्होंने दिसंबर 2025 में नजदीकी डाकघर में सुकन्या समृद्धि योजना के अंतर्गत खाता खुलवाया। वर्तमान में श्रीमती बारीक अपनी बेटी कु . ख्याति के खाते में प्रतिमाह 1,000 रुपये जमा कर रही हैं। इस प्रकार एक वर्ष में 12,000 रुपये की बचत बेटी के खाते में जमा हो रही है। यह बचत भविष्य में बेटी की उच्च शिक्षा, आवश्यकताओं और आर्थिक सुरक्षा के लिए सहायक सिद्ध होगी। सिंधुसुता बारीक बताती है कि महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा उन्हें योजना के बारे में जानकारी दी गई, जिससे प्रेरित होकर उन्होंने अपनी बेटी के भविष्य के लिए यह कदम उठाया। वे कहती हैं कि महतारी वंदन योजना से मिली राशि ने मुझे अपनी बेटी के लिए बचत करने की प्रेरणा दी है। अब मुझे विश्वास है कि भविष्य में उसकी पढ़ाई और जरूरतों के लिए आर्थिक सहायता उपलब्ध होगी। सिंधुसुता बारीक ने केंद्र एवं राज्य शासन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस योजना के माध्यम से महिलाओं को आर्थिक सहायता मिलने के साथ ही वे अपने बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए भी योजनाबद्ध तरीके से बचत करने के लिए प्रेरित हो रही हैं।

### सांसद की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय एवं मूल्यांकन समिति की बैठक आयोजित

**महासमुंद, 8 मार्च ।** जिला विकास समन्वय एवं मूल्यांकन समिति (दिशा) की बैठक आज जिला पंचायत महासमुंद के सभा कक्ष में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता महासमुंद लोकसभा क्षेत्र की सांसद श्रीमती रूपकुमारी चौधरी ने की। बैठक में जिले में संचालित केंद्र प्रायोजित योजनाओं की प्रगति, उनके क्रियान्वयन की स्थिति एवं जनकल्याणकारी कार्यक्रमों की व्यापक समीक्षा की गई। बैठक में महासमुंद विधायक श्री योगेश्वर राजू सिन्हा, खल्लारी विधायक श्री द्वारिकाधीश यादव, सरायपाली विधायक श्रीमती चातुरीनंद, जनपद पंचायतों के अध्यक्ष, नगरीय निकायों के अध्यक्ष, प्रतिनिधि, सदस्य, कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह, सीईओ जिला पंचायत श्री हेमंत नंदनवार, अपर कलेक्टर श्री रवि साहू सहित सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।सांसद श्रीमती चौधरी ने विभागीय अधिकारियों द्वारा प्रस्तुत प्रगति प्रतिवेदनों पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि विकास कार्यों को गुणवत्ता, पारदर्शिता और समयबद्धता के साथ पूरा किया जाना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने निर्देश दिए कि योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी प्रकार की लापरवाही या विलंब बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने पिछली बैठक में दिए गए निर्देशों के अनुरूप पालन प्रतिवेदन की भी समीक्षा की।

### अजय चंद्राकर के मार्गदर्शन में भखारा में बनेगी लाइब्रेरी

**अंवरी,8 मार्च।** क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए एक महत्वपूर्ण पहल के तहत भखारा में लाइब्रेरी निर्माण को प्रशासकीय स्वीकृति मिल गई है। यह स्वीकृति विधायक अजय चंद्राकर के मार्गदर्शन में तथा नगर पंचायत अध्यक्ष ज्योति हरख जैन की मांग पर कलेक्टर अबिनाश मिश्रा द्वारा प्रदान की गई है। लाइब्रेरी निर्माण के लिए लगभग 10 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गई है।प्रशासकीय स्वीकृति मिलने के बाद क्षेत्र के स्कूली छात्र-छात्राओं, कॉलेज के विद्यार्थियों तथा विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे सैकड़ों युवाओं में खुशी की लहर है। विद्यार्थियों ने इस पहल के लिए विधायक अजय चंद्राकर, नगर पंचायत अध्यक्ष ज्योति हरख जैन तथा कलेक्टर अविनाश मिश्रा के प्रति आभार एवं धन्यवाद व्यक्त किया है।उल्लेखनीय है कि लाइब्रेरी स्थापना के लिए संकुल विद्यालय परिसर में खाली पड़े कमरों का उपयोग करने का प्रस्ताव तैयार किया गया था। इन कमरों का उपयोग पूर्व में संकुल बैठकों के लिए किया जाता था, जो वर्तमान में खाली पड़े हुए हैं। इस संबंध में एसडीएम द्वारा स्थल का निरीक्षण कराया गया, जिसके बाद प्रस्ताव कलेक्टर कार्यालय धमतरी को भेजा गया था।कलेक्टर द्वारा प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान किए जाने के बाद अब यहां लाइब्रेरी निर्माण का मार्ग प्रशस्त हो गया है। लाइब्रेरी बनने से विद्यार्थियों को अध्ययन के लिए शांत एवं व्यवस्थित वातावरण मिलेगा, जिससे प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं को विशेष लाभ होगा।स्थानीय लोगों का मानना है कि इस पहल से क्षेत्र में शिक्षा का स्तर और बेहतर होगा तथा विद्यार्थियों को आगे बढ़ने के लिए नई दिशा मिलेगी।

### सनातन एकता यात्रा 18 मार्च को निकालने की तैयारी जोरों से

**राजनांदगाँव,8 मार्च।** सनातन महासभा सेवा परिवार सर्व हिन्दू समाज के द्वारा हिन्दू नववर्ष के पूर्व संध्या 18 मार्च को बाला जी मंदिर गंज लाईन दोपहर 03ः30 बजे सनातन एकता यात्रा धूमधाम से निकालने हेतु सभी धार्मिक व सामाजिक संगठनों से मिलने हेतु व सनातन एकता यात्रा धूमधाम से निकलने हेतु छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष संतोष पटाक ने प्रभारी संयोजक मंडल का प्रभार सौंपा है । जिसमें मुख्य रूप से राकेश ठाकुर, मुकेश चौबे, सौरभ खण्डेलवाल, शिव वर्मा, संजय अग्रवाल, मनोज शुक्ला, विलास राव, महेश शर्मा, पंकज गुप्ता, दिनेश वैष्णव, यह सभी सनातन एकता के प्रभारी, सनातन एकता यात्रा, आमंत्रण देने हेतु सभी सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं से सादर आमंत्रण देते हुए सभी से ज्यादा से ज्यादा संख्या में आने की अपील कर रहें है।

# गड्ढे में डूबने से मासूम की मौत, पीड़ित परिवार से मिलीं सुलोचना कर्मा, जांच व मुआवजे की मांग

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**गीदम 8 मार्च।** थाना क्षेत्र अंतर्गत सोनारपारा और घोटपाल के बीच स्थित क्षेत्र में पानी से भरे खनन के गहरे गड्ढे में डूबने से एक मासूम बच्चे की मौत के बाद पूरे क्षेत्र में शोक का माहौल है। घटना के बाद जिला पंचायत सदस्य सुलोचना कर्मा पीड़ित परिवार के घर पहुंचीं और परिजनों से मुलाकात कर अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की। उन्होंने शोकाकुल परिवार को ढांढस बंधाते हुए कहा कि इस दुख की घड़ी में वे परिवार के साथ खड़ी हैं। इस दौरान सुलोचना कर्मा ने कहा कि खनन कार्यों के कारण बने गहरे और खतरनाक गड्ढों की नियमित निगरानी तथा सुरक्षा सुनिश्चित करना संबंधित विभाग की जिम्मेदारी होती है, लेकिन जिले में इस दिशा में गंभीर लापरवाही देखने को मिल रही है। यदि समय रहते ऐसे स्थानों पर समुचित सुरक्षा व्यवस्था जैसे घेराबंदी, चेतावनी बोर्ड अथवा अन्य उपाय किए जाते, तो संभवतः इस प्रकार की दर्दनाक घटना को टाला जा सकता था।



उन्होंने कहा कि जिस स्थान पर यह हादसा हुआ है, वह वर्षों से बंद पड़ा क्षेत्र है और वहां खनन के कारण बने गहरे गड्ढे खुले पड़े हैं। यह स्पष्ट किया जाना चाहिए कि उक्त भूमि उद्योग विभाग, मत्स्य विभाग या खनिज विभाग में से किसके अधिकार क्षेत्र में आती है। जिम्मेदारी तय करते हुए इस पूरे मामले की दंडाधिकारी जांच कराई जानी चाहिए तथा दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए।

सुलोचना कर्मा ने यह भी मांग की कि पीड़ित परिवार को शासन द्वारा उचित मुआवजा प्रदान किया जाए, क्योंकि मृतक अपने माता-पिता का इकलौता पुत्र था और इस घटना से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। उन्होंने परिवार को आश्वस्त करते हुए कहा कि उन्हें न्याय दिलाने के लिए वे तथा कांग्रेस पार्टी पूरी मजबूती के साथ उनके साथ खड़ी है।

इस दौरान जिला पंचायत सदस्य सुलोचना कर्मा के साथ जिला कांग्रेस महामंत्री रविश सुराना, जिला सचिव रजत दहिया, मीडिया समन्वयक ऋषभ सुराना, नेता प्रतिपक्ष एवं पार्षद सोहन यादव, ब्लॉक कांग्रेस सचिव अरुण मंसूरे, रोशन पवार, बलदेव सोढ़ी, विक्की नेताम सहित अन्य कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद थे।

## एक नजर

### कृषक उन्नति योजना से किसानों के घर आई दुगुनी खुशियां : मुख्यमंत्री साय

**रायपुर, 8 मार्च।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय राजधानी रायपुर के अश्वनी नगर स्थित सोनकर बाड़ी में आयोजित रंगपंचमी महोत्सव में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने प्रदेशवासियों को रंगपंचमी की शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि होली केवल रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि प्रेम, सद्भाव और भाईचारे का संदेश देने वाला पर्व है, जो समाज को आपसी एकता और समरसता के सूत्र में पिरोता है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि इस वर्ष प्रदेश के किसानों के लिए होली का त्योहार विशेष खुशियां लेकर आया है। राज्य सरकार द्वारा कृषक उन्नति योजना के अंतर्गत धान उपार्जन के अंतर की राशि के रूप में किसानों के खातों में 10 हजार 324 करोड़ रुपये की बड़ी राशि होली से पहले ही अंतरित की गई है। इससे प्रदेश के अन्नदाताओं के घरों में खुशियों का माहौल है और होली का उत्साह भी दोगुना हो गया है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि होली आपसी मतभेदों को भुलाकर प्रेम और मित्रता का संदेश देने वाला पर्व है। यह पर्व समाज में सौहार्द, सद्भाव और एकजुटता की भावना को और मजबूत करता है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि विधायक श्री राजेश मूणत द्वारा प्रतिवर्ष रंगपंचमी के अवसर पर होली मिलन समारोह का आयोजन किया जाता है।

### यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा में 35वीं रैंक प्राप्त करने वाली सुश्री वैभवी अग्रवाल को मुख्यमंत्री ने दी बधाई



**रायपुर,8 मार्च।** संघ लोक सेवा आयोग की सिविल सेवा परीक्षा में 35वीं रैंक प्राप्त करने वाली सुश्री वैभवी अग्रवाल ने आज मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय से राजधानी रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में भेंट की। मुख्यमंत्री श्री साय ने सुश्री वैभवी को मिठाई खिलाकर उनकी इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर हार्दिक बधाई और शुभकामनाएँ दीं। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि सुश्री वैभवी अग्रवाल ने अपनी प्रतिभा, कड़ी मेहनत और दृढ़ संकल्प के बल पर यूपीएससी की सिविल सेवा परीक्षा में उत्कृष्ट सफलता प्राप्त कर न केवल अपने परिवार, बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ का मान बढ़ाया है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि वैभवी की यह सफलता प्रदेश के युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की उपलब्धियाँ यह संदेश देती हैं कि लक्ष्य के प्रति समर्पण,अनुशासन और निरंतर प्रयास से कोई भी मुकाम हासिल किया जा सकता है। मुख्यमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि सुश्री वैभवी अग्रवाल भविष्य में प्रशासनिक सेवा में अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करते हुए देश और समाज की सेवा में महत्वपूर्ण योगदान देंगी। उन्होंने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए आगामी दायित्वों के लिए शुभकामनाएँ दीं। इस अवसर पर सुश्री वैभवी अग्रवाल के पिता श्री शीतल अग्रवाल और भाई श्री विनायक अग्रवाल उपस्थित थे।

### गर्मी से बचाव के लिए स्वास्थ्य विभाग सतर्क, हीटवेव से निपटने की तैयारी तेज

**रायपुर,8 मार्च।** राज्य में बढ़ते तापमान और संभावित हीटवेव की स्थिति को देखते हुए स्वास्थ्य सेवाओं को सजग रखने की दिशा में आवश्यक तैयारियाँ तेज कर दी गई हैं। संचालनालय स्वास्थ्य सेवाएँ, छत्तीसगढ़ द्वारा जारी एडवाइजरी के अनुसार जिला अस्पतालों सहित सभी स्वास्थ्य संस्थानों में गर्मी से होने वाली बीमारियों के प्रबंधन के लिए आवश्यक व्यवस्थाएँ सुनिश्चित की जा रही हैं। जारी निर्देशों के अनुसार जिला अस्पतालों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में हीट स्ट्रोक प्रबंधन कक्ष सक्रिय रखे जाएंगे। इन केंद्रों में पर्याप्त मात्रा में ओआरएस, आईवी फ्लूड, आवश्यक जीवन रक्षक दवाइयों तथा शीतलन संबंधी व्यवस्थाएँ उपलब्ध रखने को कहा गया है, ताकि गर्मी से प्रभावित मरीजों को तत्काल उपचार मिल सके। समुचित सुविधाओं से युक्त ऊष्मा आघात कक्ष रायपुर और दुर्ग जिला अस्पताल मे बनाये जा चुके हैं साथ अन्य सभी जिलों मे भी इस प्रकार के कक्ष बनाएं जाने निर्देश दिए गए हैं।

# खेत में काम कर रहे किसान पर बाघ ने मारा झपटा तो उसने पेड़ पर चढ़कर बचाई जान

## औंधी तहसील के बागडोंगरी और मरकाटोला के ग्रामीणों ने लाठी-डंडे लेकर खदेड़ा

■ इलाके में दहशत का माहौल,वन विभाग की सतत निगरानी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**मोहला 8 मार्च।** औंधी क्षेत्र के बागडोंगरी और मरकाटोला इलाके में बाघ की आमद से दहशत बनी हुई है। शुक्रवार को बाघ ने एक मवेशी पर हमला कर दिया इसके बाद शाम के वक्त खेत मे काम कर रहे दो किसानों पर हमला करने दौड़ाया,किसानों ने दौड़कर अपनी जान बचाई और पेड़ का सहारा लेकर बाल बाल बचे। उल्लेखनीय है कि यह बागज 28 फरवरी से इलाके में घूम घूमकर दहशत फैला रहा है । बाघडोंगरी निवासी फ़क़ीर से मंडावी के मवेशी को पहले बाघ ने जंगल पर हमला किया मवेशी ने बाघ का सामना कर अपनी जान बचाई मवेशी बैल पर पंजे के निशान बने है इसी दौरान खेत मे काम कर रहे संदीप दुग्गा पर हमला करने की कोशिश की हालांकि संदीप दुग्गा की नज़र बाघ पर पड़ी और अपनी जान बचाने पेड़ पर चढ़ गया,बाघ कुछ देर तक पेड़ के आसपास मंडराता रहा । कुछ देर बाद दुग्गा ने जोर जोर से आवाज लगाकर ग्रामीणों को बताया ,ग्रामीणों ने तत्काल 40से 50 लोगो के साथ लाठी डंडा और टार्च लेकर मौके पर पहुँचे, ग्रामीणों की शोर शराबे से बाघ मौके से जंगल की ओर भाग गया । बाघ की लगातार मौजूदगी से इलाके में भय का माहौल बन गया है,ग्रामीण अब जंगलों से उत्पन्न होने वाले महुआ,चार व अन्य वनोपज संग्रहण करने जाने से डर रहे है जबकि इनके संग्रहण से के घरों की जीविका चलती है । घटना की जानकारी मिलते ही वनविभाग मौके पर पहुकर मुआयना किया ।विभाग ने आसपास के गांव में मुनादी कराकर सतर्कता बरतने हिदायत दी है ।

### वनोपज संग्रह पर बड़ा असर, जीविका कैसे चलेगी

बाघ के आगमन से गांव में दहसत का माहौल है ग्रामीणों ने जंगल जाना लगभग बंद कर दिया है जिससे वर्तमान में होने वाले महुआ,चार व अन्य चीजो से वंचित हो गए है ग्रामीणों के आय का मुख्य स्त्रोत अब धप्प हो गया है, ग्रामीणों ने बाघ को भगाने की मांग की है।

### पांच किलोमीटर दूस स्कूल होने से बच्चों के लिए बड़ा खतरा

औंधी इलाके में कई ऐसे गांव है जहां स्कूली बच्चों को चार से पांच किलोमीटर दूर पैदल सफर कर शिक्षा ग्रहण करना पड़ता है,बाघ की सक्रियता से अभिभावकों की चिंता बढ़ गई है,ग्रामीणों का कहना है कि खेत और जंगलों के रास्ते से गुजरने वाले इलको में बच्चों की सुरक्षा को लेकर डर बना हुआ है,ग्रामीणों ने बच्चों की सुरक्षा को लेकर विशेष इंतजाम की शासन से मांग की है ।

### बाघ की ताडोबा से आने की आशंका,ट्रेप कैमरे लगाए

बाघ की मौजूदगी को लेकर वन अमला भी पूरी तरह मुस्तेद हो गया है, डीएफओ दिनेश पटेल के मुताबिक पूरी तरह संभावना है कि बाघ ताडोबा नेशनल पार्क( बाघ अभ्यारण ) के कोर एरिया से इस इलाके में आया है,इससे पहले भी बाघ औंधी इलाके की सीमा में बाघ की आमद होती रही है । इसे चिन्हित करने ट्रेप कैमरे लगाय गए है लेकिन अब तक कैमरे में कैद नही हो चुका है साथ ही पैरों के निशान भी नही मीले है, वन अमला इसे वयस्क बाघ मान रहा है।

## श्री जैतू साव मठ में मनाया गया होली महोत्सव



**रायपुर 8 मार्च।** श्री दूधाधारी मठ एवं इससे संबंधित श्री जैतू साव मठ पुरानी बस्ती रायपुर में होली महोत्सव का त्यौहार बड़े ही धूमधाम के साथ श्रद्धा भक्ति पूर्वक मनाया जा रहा है, इस अवसर पर भगवान का विशेष श्रृंगार किया गया है। अबीर, गुलाल एवं फूलों से श्रद्धालु भक्तों ने भगवान के साथ अपनी होली मनाई। महामंडलेश्वर राजेश्री महन्त रामसुन्दर दास जी महाराज ने अपने संदेश में कहा कि- फागुन पूर्णिमा को रात्रि में होलिका दहन के पश्चात चैत्र प्रतिपदा को होली महोत्सव मनाने की सनातन परंपरा है?, इसका निर्वाह श्री दूधाधारी मठ एवं इससे संबंधित सभी मठ, मंदिरों में किया गया। श्रद्धालु भक्तों ने भगवान राघवेंद्र सरकार को गुलाल लगाकर अपनी श्रद्धा भक्ति प्रकट की, होली उत्सव मनाया। जैतू साव मठ ट्रस्ट कमेटी के सदस्य अजय तिवारी ने कहा कि - होली रंगों का त्यौहार है इसे हम सभी भारतवासी बहुत ही हर्ष उल्लास के साथ मनाते हैं। यह प्रेम और भाईचारे का त्यौहार है जो सदियों से चलते आ रहा है। राजेश्री महन्त जी महाराज ने संपूर्ण देशवासियों के लिए होली की मंगल कामनाएं की है। होली महोत्सव के अवसर पर दाऊ महेंद्र अग्रवाल जी, सुमित पाठक, राम मनोहर दास जी, राम अवतार दास जी, रामशिरोमणि दास जी, राम लोचन दास जी, नंदलाल फेकर, हर्ष दुबे, मीडिया प्रभारी निर्मल दास वैष्णव सहित अनेक गणमान्य नागरिक गण उपस्थित थे।

# प्रश्न मंच प्रतियोगिता में मुधुरम ग्रुप प्रथम

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**डोंगरगढ़ 8 मार्च।** विगत दिनों एल्टाई (इंग्लिश लैंग्वेज टीचर्स एसोशिएशन ऑफ इंडिया) राजनंदगांव चैप्टर के बैनर तले एक जिला स्तरीय प्रश्न मंच प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रश्न मंच प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न विद्यालयों से विद्यार्थियों ने भाग लिए। इस अवसर पर समाज सेवी श्री परमजीत सिंह, मोटीवेशनल स्पीकर श्री पूनाराम सिन्हा, ने माँ सरस्वती के तैल चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया । मुख्य अतिथि के आसंदी से श्री परमजीत सिंह ने कहा कि प्रतियोगिता विद्यार्थियों को आने वाली जीवन के लिए एक मजबूत आधार प्रदान करती है।

विद्यार्थियों को इसका सुखद परिणाम आने वाले समय मे परिलक्षित होता है । इसके लिए आवश्यक है कि समय के मांग को देखते हुए विद्यार्थिगण इसकी पूर्व तैयारी करें। उन्होंने हर संभव विद्यार्थियों को अपना सहयोग देने की बात कही। मोटीवेशनल स्पीकर श्री पूनाराम सिन्हा ने कहा कि सफलता एक दिन में नहीं मिलती है, लेकिन एक न एक दिन जरूर मिलती है। विद्यार्थियों को चाहिए कि वे समय को जाया न करते हुए वे भविष्य निर्माण में लग जाए। उन्होंने विद्यार्थियों को समय नियोजन, अध्ययन नियोजन एवं पुस्तकों के अनवरत अध्ययन के संबंध में अपने बहुमूल्य सुझाव दिए। इस प्रतियोगिता में मधुरम ग्रुप प्रथम, सत्यम ग्रुप द्वितीय, सुंदरम ग्रुप तृतीय एवं शिवम ग्रुप चतुर्थ स्थान प्राप्त किए। प्रतियोगिता में भाग लेनेवाले समस्त प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। जीते हुए प्रतिभागियों यथा मूलदीप वैष्णव, हिरेंद्र वर्मा, वंदना निषाद, लोकेश्वर यादव, सुमित सिन्हा, होमिता यादव, डोमेश्वरी साहू एवं कु. नमिता को प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ पुरुस्कार प्रदान किया गया। बेहतर प्रदर्शन करनेवाले अन्य प्रतिभागियों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर श्री एस.एस. ध्रुवे, श्री धरम सिन्हा, कु.पूजा देवांगन, कु. नेहा सिन्हा, कु. खिलेश्वरी सिन्हा, कु.आस्था सिन्हा, डॉ. तौसीफ रज़ा, श्री तुलाराम सिन्हा, कु. केसरी पटेल, कु. अंजलि साहू, कु. पिंकी सिन्हा एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थीगण उपस्थित थे। यह जानकारी धरम सिन्हा ने दिया।

### महतारी गौरव वर्ष में सशक्त हो रही छत्तीसगढ़ की मातृशक्ति

**रायपुर, 8 मार्च।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में महिला सशक्तिकरण की दिशा में निरंतर प्रभावी पहल की जा रही हैं। मातृशक्ति के सम्मान, सुरक्षा और आत्मनिर्भरता को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए राज्य सरकार ने इस वर्ष को 'महतारी गौरव वर्ष' के रूप में मनाने की घोषणा की है। शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं और स्व-सहायता समूहों के माध्यम से प्रदेश की महिलाएँ आर्थिक रूप से सशक्त बनते हुए समाज में नई पहचान स्थापित कर रही हैं।

प्रदेश की महिलाएं राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) के अंतर्गत स्व-सहायता समूहों से जुड़कर कई महिलाओं ने अपने जीवन की दिशा बदली है। इसी कड़ी में कोरबा जिले के विकासखंड करतला के ग्राम सरगबुंदिया निवासी शासन के सहयोग से कपड़ा व्यवसाय के माध्यम से श्रीमती सावित्री उरांव आज ग्रामीण महिलाओं के लिए प्रेरणादायक उदाहरण बन चुकी हैं।

## छत्तीसगढ़ की महिलाएं आत्मनिर्भरता और नवाचार से बना रही हैं नई पहचान: साय



**रायपुर, 8 मार्च।** छत्तीसगढ़ की महिलाएं आज आत्मनिर्भरता, मेहनत और नवाचार के बल पर नई पहचान बना रही हैं और हमारी सरकार उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। मुख्यमंत्री श्री साय ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर रायपुर के इंडोर स्टेडियम में आयोजित 'लखपति दीदी संवाद' कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यह बात कही। कार्यक्रम में प्रदेश भर से आई स्व-सहायता समूह की हजारों महिलाएं और लखपति दीदियां उत्साहपूर्वक शामिल हुईं।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि हमारी संस्कृति में नारी को शक्ति का स्वरूप माना गया है और जहां नारी का सम्मान होता है, वहीं देवताओं का निवास होता है। उन्होंने कहा कि पहले महिलाएं घरों तक सीमित रहती थीं, लेकिन आज प्रदेश की महिलाएं स्व सहायता समूहों के माध्यम से आर्थिक रूप से सशक्त हो रही हैं और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि शासन का लक्ष्य लखपति दीदियों को और अधिक सशक्त बनाकर गांव की प्रत्येक महिला को लखपति बनाना और भविष्य में लखपति ग्राम का निर्माण करना है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर छत्तीसगढ़ में 10 लाख महिलाओं को लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसमें से वर्तमान में लगभग 8 लाख महिलाएं लखपति दीदी बन चुकी हैं। उन्होंने कहा कि अब प्रदेश में 10 लाख से अधिक लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य रखा गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार गांवों के लोगों के लिए 18 लाख प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत कर चुकी है और इनके निर्माण में बिहान की दीदियां भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने कहा कि महिलाओं के सम्मान और आर्थिक सशक्तिकरण के लिए राज्य सरकार द्वारा महतारी वंदन योजना प्रारंभ की गई है, जिसके तहत लगभग 70 लाख माताओं-बहनों को 24 किश्तों में 15 हजार करोड़ रुपये से अधिक की राशि दी जा चुकी है तथा इस वर्ष के बजट में इसके लिए 8,200 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि लखपति दीदी योजना से प्रदेश की 5 लाख से अधिक महिलाएं आत्मनिर्भर बन चुकी हैं और अब लखपति दीदी भ्रमण योजना शुरू कर उन्हें देश-प्रदेश के व्यावसायिक केंद्रों और शक्ति पीठों का भ्रमण कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि पंचायत विभाग द्वारा 250 महतारी सदनों का निर्माण, आंगनबाड़ी संचालन और पोषण योजनाओं के लिए भी इस वर्ष के बजट में प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि बालिकाओं को आर्थिक सुरक्षा देने के लिए रानी दुर्गावती योजना शुरू की जाएगी, जिसके तहत 18 वर्ष की आयु पूरी होने पर 1.5 लाख रुपये दिए जाएंगे।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि हमारी लखपति दीदियों से पूरे प्रदेश की माताओं-बहनों को प्रेरणा मिल रही है और अब हमारा लक्ष्य लखपति दीदियों को करोड़पति दीदी बनाना है। उन्होंने कहा कि आज शुरू हुई बकरी पालन क्लस्टर परियोजना से प्रदेश में बकरी पालन को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही इन्क्यूबेशन सेंटर की स्थापना और आईआईएम रायपुर के साथ एमओयू से स्व-सहायता समूहों की आमदनी बढ़ेगी।

# होली मिलन कार्यक्रम में होली के रंगों से रंगी कविताओं की फुहारें



**रायपुर 8 मार्च।** होली मिलन की बेला पर अलग-अलग रंगों से रंगी कविताएं और अलग-अलग विधा के कवियों तथा कवत्रियों ने माहौल में होली के रंगों को साहित्यिक रंग दिया, अवसर था नव छत्तीसगढ़ साहित्य सांस्कृतिक संस्थान द्वारा साहित्य सदन चौबे कॉलोनी में आयोजित होली मिलन तथा काव्य गोष्ठी के भव्य आत्मीय आयोजन का। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व अतिरिक्त संचालक शिक्षा/ विश्वविद्यालय विनियामक आयोग के अध्यक्ष डॉ अंजनी कुमार शुक्ला, अध्यक्ष प्रख्यात लेखक, कवि, चिंतक संजीव कुमार ठाकुर, विशिष्ट अतिथि पूर्व संयुक्त कलेक्टर अशोक तिवारी तथा चंद्रकांत पांडे थे, कार्यक्रम का संचालन कवयित्री माहेश्वरी पांडे एवं शशांक खरे द्वारा किया गया।

कवियों ने अपनी कविताएं सुना कर काव्य गोष्ठी को रंगारंग बना दिया।

चंद्रकांत पांडे ने ओज की कविता में रंग भरा

मैं जननी हूं तेरी पर पहले वतन तुम्हारा,

स्वतंत्र रहे हिंदुस्तान यह फर्ज है तुम्हारा।

मोहम्मद हुसैन ने सरस्वती वंदना सुना कर सबको भाव विभोर कर दिया,

वर दे वीणा वादिनी ज्ञान के स्वर दे

रंगों से भर रहे शब्द ऐसा तू कुछ ज्ञान दे

कवयित्री पूर्वा श्रीवास्तव ने अपनी कविताओं को एक नई भावाभिव्यक्ति प्रदान की, नारियों की स्थिति पर लिखा

गिर कर उठती उठकर चलती<br>
तूफान में लड़ना जारी है,<br>
नहीं दया की चाह इसे<br>
स्वयंप्रभा यह नारी है।

इस अवसर पर रामजी ध्रुव देवेंद्र सोनी यशवंत कुमार चतुर्वेदी योगेंद्र साहू उदय भान सिंह चौहान संतोष पांडे कल्याणी तिवारी श्रीमती भावना ठाकुर स्वप्निल पांडे ने अपनी अपनी कविताएं सुनाई धन्यवाद ज्ञापन डॉक्टर उदयभान सिंह चौहान ने किया। इसके अलावा बड़ी संख्या में रसिक श्रोता उपस्थित थे।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर 15 स्वच्छता दीदियों को किया गया सम्मानित




**रायपुर 8 मार्च।** आज अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर रायपुर नगर पालिक निगम स्वास्थ्य विभाग अध्यक्ष श्रीमती गायत्री सुनील चंद्राकर ने नगर निगम जोन 8 के महोबा बाजार स्थित जोन कार्यालय परिसर में नगर निगम जोन 8 जोन कमिश्नर श्रीमती राजेश्वरी पटेल सहित मिलकर नगर निगम जोन 8 क्षेत्र के अंतर्गत 15 स्वच्छता दीदियों और जोन 8 स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत सेवारत 50 महिला सफाई कर्मचारियों की सेवाओं को सराहते हुए उन्हें मंच पर बुलाकर नगर निगम जोन 8 स्वास्थ्य विभाग की ओर से सम्मानित किया और महिला सफाई कर्मचारियों और स्वच्छता दीदियों को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की हार्दिक शुभकामनायें दीं. इस दौरान मंच पर नगर निगम जोन 8 जोन स्वास्थ्य अधिकारी श्री गोपीचंद देवांगन और स्वच्छता निरीक्षक श्री रितेश झा एवं श्री बंजारे की उपस्थिति रही. इस अवसर पर महिला सफाई कर्मचारियों ने नगर निगम स्वास्थ्य विभाग अध्यक्ष श्रीमती गायत्री सुनील चंद्राकर ओर महिला स्वसहायता समूहों की स्वच्छता दीदियों ने नगर निगम जोन 8 जोन कमिश्नर श्रीमती राजेश्वरी पटेल का अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर सम्मान किया.साथ ही अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की उन्हें हार्दिक शुभकामनायें स्वच्छता दीदियों और महिला सफाई कर्मचारियों ने दी।

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस-2026

के अवसर पर

छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव 25

## महतारी गौरव वर्ष

# वृहद महतारी वंदन सम्मेलन-2026



08 मार्च 2026

दोपहर 12:00 बजे

लाल बहादुर शास्त्री मिनी स्टेडियम, जनपद पंचायत बस्तर

**सखी वन स्टॉप सेंटर**
SOP लागू करने वाला **पहला राज्य**, संकटग्रस्त महिलाओं को तत्काल सहायता, परामर्श और कानूनी मदद

**महतारी वंदन योजना**
**69 लाख** से अधिक महिलाओं को **₹15,595 करोड़** की सहायता
2026-27 बजट में **₹8,200 करोड़** का प्रावधान

**मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना**
दो वर्षों में **21,754 बालिकाओं** का विवाह संपन्न
प्रत्येक जोड़े को **₹50,000** की सहायता राशि

**यूनिटी मॉल**
**महिला स्व-सहायता समूहों** को नवा रायपुर में उत्पादों के विक्रय हेतु **व्यापक बाज़ार**

**लखपति दीदी योजना**
**8 लाख** से अधिक महिलाएं बनीं लखपति दीदी
**10 लाख** अतिरिक्त महिलाओं को लखपति दीदी बानाने का लक्ष्य

**लखपति दीदी श्रमण योजना**
**₹05 करोड़** का बजटीय प्रावधान
लखपति दीदियों को कराया जाएगा **एक्सपोजर विजिट**

**रजिस्ट्री शुल्क**
महिलाओं को **रजिस्ट्री शुल्क** में **50%** की छूट का बजटीय प्रावधान

**महतारी सदन**
**368 महतारी सदनों** के निर्माण हेतु **₹108.78 करोड़** स्वीकृत
**137 महतारी सदनों** का निर्माण पूर्ण

संवाद-47110/108

**बिहान योजना**
**42,878 महिला** स्व-सहायता समूहों को आसान ऋण से अब तक **₹129.46 करोड़** का लाभ

**रेडी टू ईट**
**पायलट प्रोजेक्ट** के रूप में **महिला स्व-सहायता समूहों** को पुन: **रेडी टू ईट** के कार्य की ज़िम्मेदारी



श्री विष्णु देव साय
माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री

छत्तीसगढ़ जनसंपर्क

Visit us : /ChhattisgarhCMO /DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26